पर केवल रत्न की ही प्राप्ति होती है, पर यह अमूल्य रत्न केवल साधक को ही मिल पाता है। साधक की साधना जब उच्च कोटि की हो जाती है तब साध्य संभव हो पाता है। राजेन्द्र कोष तो इनकी अक्षय शब्द मंजूषा है, जो शब्द यहाँ नहीं है, वह अन्यत्र कहीं नहीं है।

ऐसे महान् मनीषी एवं सन्त को अक्षरशः समझाने के लिये डॉ. प्रियदर्शनाश्री जी एवं डॉ. सुदर्शनाश्री जी साध्वीद्वय ने (१) अभिधान राजेन्द्र कोष में, "सूक्ति-सुधारस" (१ से ७ खण्ड) (२) अभिधान राजेन्द्र कोष में, "जैनदर्शन वाटिका" तथा (३) 'विश्वपूज्य' (श्रीमद् राजेन्द्र सूरि : जीवन-सौरभ) इन अमूल्य ग्रन्थों की रचना कर साधक की साधना को अतीव सरल बना दिया है। परम पूज्या ! साध्वीद्वय ने इन ग्रन्थों की रचना में जो अपनी बुद्धिमत्ता एवं लेखन-चातुर्य का परिचय दिया है वह स्तुत्य ही नहीं; अपितु इस भौतिकवादी युग में जन-जन के लिये अध्यात्मक्षेत्र में पाथेय भी बनेगा। मैंने इन ग्रन्थों का विहंगम अवलोकन किया है। भाषा की प्रांजलता और विषयबोध की सुगमता तो पाठक को उत्तरोत्तर अध्ययन करने में रूचि पैदा करेगी, वह सहज ही सबके लिये हृदयग्राहिणी बनेगी। यही लेखिकाद्वय की लेखनी की सार्थकता बनेगी।

अन्त में यहाँ यह कथन अतिशयोक्तिपूर्ण नहीं होगा कि "रघुवंश" महाकाव्य-रचना के प्रारंभ में कालिदास ने लिखा है कि "तितीर्षुर्दुस्तरं मोहादुडुपेनास्मि सागरम्" पर वही कालिदास कवि सम्राट् कहलाये। इसीतरह आप दोनों का यह परम लोकोपकारी अथक प्रयास भौतिकवादी मानवमात्र के लिये शाश्वत शान्ति प्रदान करने में सहायक बन पायेगा। इति। शुभम्।

25-7-98
3घ - 12 मधुबन ह्ा. बो.
बासनी, जोधपुर

15

अभिमत

पं. हीरालाल शास्त्री
एम.ए.

विदुषी साध्वीद्वय डॉ. प्रियदर्शना श्री एम. ए., पीएच. डी. एवं डॉ. सुदर्शनाश्री एम. ए. पीएच. डी. द्वारा रचित ग्रन्थ 'अभिधान राजेन्द्र कोष में, सूक्ति-सुधारस' (1 से 7 खण्ड) सुभाषित सूक्तियों एवं वैदुष्यपूर्ण हृदयग्राही वाक्यों के रूप में एक पीयूष सागर के समान है ।

आज के गिरते नैतिक मूल्यों, भौतिकवादी दृष्टिकोण की अशान्ति एवं तनावभरे सांसारिक प्राणी के लिए तो यह एक रसायन है, जिसे पढ़कर आत्मिक शान्ति, दृढ इच्छा-शक्ति एवं नैतिक मूल्यों की चारित्रिक सुरभि अपने जीवन के उपवन में व्यक्ति एवं समष्टि की उदात्त भावनाएँ गहगहायमान हो सकेगी, यह अतिशयोक्ति नहीं, एक वास्तविकता है ।

आपका प्रयास स्वान्तःसुखाय लोकहिताय है । 'सूक्ति-सुधारस' जीवन में संघर्षों के प्रति साहस से अडिग रहने की प्रेरणा देता है ।

ऐसे सत्साहित्य 'सत्यं शिवं सुन्दरम्' की महक से व्यक्ति को जीवंत बनाकर आध्यात्मिक शिवमार्ग का पथिक बनाते हैं ।

आपका प्रयास भगीरथ प्रयास है ।

भविष्य में शुभ कामनाओं के साथ ।

महावीर जन्म कल्याणक, गुरुवार
दि. 9 अप्रैल, 1998
ज्योतिष-सेवा
राजेन्द्रनगर
जालोर (राज.)

निवृत्तमान संस्कृत व्याख्याता
राज. शिक्षा-सेवा
राजस्थान

16

अभिमत

— डॉ. अखिलेशकुमार राय

साध्वीद्वय डो. प्रियदर्शनाश्रीजी एवं डो. सुदर्शनाश्रीजी द्वारा रचित प्रस्तुत पुस्तक का मैंने आद्योपान्त अवलोकन किया है। इनकी रचना 'सूक्ति-सुधारस' (1 से 7 खण्ड) में श्रीमद् राजेन्द्रसूरीश्वर जी की अमरकृति 'अभिधान राजेन्द्र कोष' के प्रत्येक भाग को आधार बनाकर कुछ प्रमुख सूक्तियों का सुंदर-सरस व सरल हिन्दी भाषा में अनुवाद प्रस्तुत किया गया है। साध्वीद्वय का यह संकल्प है कि 'अभिधान राजेन्द्र कोष' में उपलब्ध लगभग २७०० सूक्तियों का सात खण्डों में संचयन कर सर्वसाधारण के लिये सुलभ कराया जाय। इसप्रकार का अनूठा संकल्प अपने आपमें अद्वितीय कहा जा सकता है। मेरा विश्वास है कि ऐसी सूक्ति सम्पन्न रचनाओं से पाठकगण के चरित्र निर्माण की दिशा निर्धारित होगी।

अब सुहृद्जनों का यह पुनीत कर्तव्य है कि वे इसे अधिक से अधिक लोगों के पठनार्थ सुलभ करायें। मैं इस महत्त्वपूर्ण रचना के लिये साध्वीद्वय की सराहना करता हूँ; इन्हें साधुवाद देता हूँ और यह शुभकामना प्रकट करता हूँ कि ये इसप्रकार की और भी अनेक रचनायें समाज को उपलब्ध करायें।

दिनांक 9 अप्रैल, 1998
चैत्र शुक्ला त्रयोदशी
1/1 प्रोफेसर कालोनी,
महाराजा कोलेज,
छतरपुर (म.प्र.)

17

अभिमत

— डॉ. अमृतलाल गाँधी
सेवानिवृत्त प्राध्यापक,

सम्यग्ज्ञान की आराधना में समर्पिता विदुषी साध्वीद्वय डॉ. प्रियदर्शनाश्रीजी म. एवं डॉ. सुदर्शना श्रीजी म. ने 'सूक्ति-सुधारस' (1 से 7 खण्ड) की 2667 सूक्तियों में अभिधान राजेन्द्र कोष के मन्थन का मक्खन सरल हिन्दी भाषा में प्रस्तुत कर जनसाधारण की सेवार्थ यह ग्रन्थ लिखकर जैन साहित्य के विपुल ज्ञान भण्डार में सराहनीय अभिवृद्धि की है। साध्वीद्वय ने कोष के सात भागों की सूक्तियों / सुकथनों की अलग-अलग सात खण्डों में व्याख्या करने का सफल सुप्रयास किया है, जिसकी मैं सराहना एवं अनुमोदना करते हुए स्वयं को भी इस पवित्र ज्ञानगंगा की पवित्र धारा में आंशिक सहभागी बनाकर सौभाग्यशाली मानता हूँ।

वस्तुतः अभिधान राजेन्द्र कोष पयोनिधि है। पूज्या विदुषी साध्वीद्वयने सूक्ति-सुधारस रचकर एक ओर कोष की विश्वविख्यात महिमा को उजागर किया है और दूसरी ओर अपने शुभ श्रम, मौलिक अनुसंधान दृष्टि, अभिनव कल्पना और हंस की तरह मुक्ताचयन की विवेकशीलता का परिचय दिया है।

मैं उनको इस महान् कृति के लिए हार्दिक बधाई देता हूँ।

दिनांक : 16 अप्रैल, 1998
738, नेहरूपार्क रोड,
जोधपुर (राजस्थान)

जयनारायण व्यास विश्व विद्यालय,
जोधपुर

18

मूल्यांकन

— *भागचन्द जैन कवाड*
प्राध्यापक (अंग्रेजी)

प्रस्तुत ग्रंथ "अभिधान राजेन्द्र कोष में, सूक्ति-सुधारस" (1 से 7 खण्ड) 5 परिशिष्टों में विभक्त 2667 सूक्तियों से युक्त एक बहुमूल्य एवं अमृत कणों से परिपूर्ण ग्रन्थ है। विश्वपूज्य श्रीमद् राजेन्द्रसूरिजी द्वारा प्रस्तुत ग्रन्थ में अन्यान्य उपयोगी जीवन दर्शन से सम्बन्धित विषयों का समावेश किया गया है। उदाहरण स्वरूप जीवनोपयोगी, नैतिकता तथा आध्यात्मिक जगत् को स्पर्श करने वाले विषय यथा – 'धर्म में शीघ्रता', 'आत्मवत् चाहो', 'समाधि', 'किञ्चिद् श्रेयस्कर', 'अकथा', 'क्रोध परिणाम', 'अपशब्द', सच्चा भिक्षु, धीर साधक, पुण्य कर्म, अजीर्ण, बुद्धियुक्त वाणी, बलप्रद जल, सच्चा आराधक, ज्ञान और कर्म, पूर्ण आत्मस्थ, दुर्लभ मानव-भव, मित्र-शत्रु कौन ?, कर्त्ता-भोक्ता आत्मा, रत्नपारखी, अनुशासन, कर्म विपाक, कल्याण कामना, तेजस्वी वचन, सत्योपदेश, धर्मपात्रता, स्याद्वाद आदि।

सर्वत्र ग्रन्थ में अमृत-कणों का कलश छलक रहा है तथा उनकी सुवास व्याप्त है जो पाठक को भाव विभोर कर देती है, वह कुछ क्षणों के लिए अतिशय आत्मिक सुख में लीन हो जाता है। विदुषी महासतियाँ द्वय डॉ. प्रियदर्शना श्री जी एवं डॉ. सुदर्शना श्री जी ने अपनी प्रखर लेखनी के द्वारा गूढ़तम विषयों को सरलतम रूप से प्रस्तुत कर पाठकों को सहज भाव से सुधा का पान कराया है। धन्य है उनकी अथक साधना लगन व परिश्रम का सुफल जो इस धरती पर सर्वत्र आलोक किरणें बिखेरेगा और धन्य एवं पुलकित हो उठेंगे हम सब।

चैत्र शुक्ला त्रयोदशी
दिनांक 9 अप्रैल 1998
विजय निवास,
कचहरी रोड़,
किशनगढ़ शहर (राज.)

अग्रवाल गर्ल्स कोलेज
मदनगंज (राज.)


दर्पण

19



'अभिधान राजेन्द्र कोष में, सूक्ति-सुधारस' ग्रन्थ का प्रकाशन 7 खण्डों में हुआ है। प्रथम खण्ड में 'अ' से 'ह' तक के शीर्षकों के अन्तर्गत सूक्तियाँ संजोयी गई हैं। अन्त में अकारादि अनुक्रमणिका दी गई हैं। प्रायः यही क्रम 'सूक्ति सुधारस' के सातों खण्डों में मिलेगा। शीर्षकों का अकारादि क्रम है। शीर्षक सूची विषयानुक्रम आदि हर खण्ड के अन्त में परिशिष्ट में दी गई है। पाठक के लिए परिशिष्ट में उपयोगी सामग्री संजोयी गई है। प्रत्येक खण्ड में 5 परिशिष्ट हैं। प्रथम परिशिष्ट में अकारादि अनुक्रमणिका, द्वितीय परिशिष्ट में विषयानुक्रमणिका, तृतीय परिशिष्ट में अभिधान राजेन्द्र : पृष्ठ संख्या, अनुक्रमणिका, चतुर्थ परिशिष्ट में जैन एवं जैनेतर ग्रन्थः गाथा/श्लोकादि अनुक्रमणिका और पञ्चम परिशिष्ट में 'सूक्ति-सुधारस' में प्रयुक्त सन्दर्भ-ग्रन्थ सूची दी गई है। हर खण्ड में यही क्रम मिलेगा। 'सूक्ति-सुधारस' के प्रत्येक खण्ड में सूक्ति का क्रम इसप्रकार रखा गया है कि सर्व प्रथम सूक्ति का शीर्षक एवं मूल सूक्ति दी गई है। फिर वह सूक्ति अभिधान राजेन्द्र कोष के किस भाग के किस पृष्ठ से उद्धृत है। सूक्ति-आधार ग्रन्थ कौन-सा है ? उसका नाम और वह कहाँ आयी है, वह दिया है। अन्त में सूक्ति का हिन्दी भाषा में सरलार्थ दिया गया है।

सूक्ति-सुधारस के प्रथम खण्ड में 251 सूक्तियाँ हैं।
सूक्ति-सुधारस के द्वितीय खण्ड में 259 सूक्तियाँ हैं।
सूक्ति-सुधारस के तृतीय खण्ड में 289 सूक्तियाँ हैं।
सूक्ति-सुधारस के चतुर्थ खण्ड में 467 सूक्तियाँ हैं।
सूक्ति-सुधारस के पंचम खण्ड में 471 सूक्तियाँ हैं।
सूक्ति-सुधारस के षष्टम खण्ड में 607 सूक्तियाँ हैं।
सूक्ति-सुधारस के सप्तम खण्ड में 323 सूक्तियाँ हैं।

कुल मिलाकर 'सूक्ति सुधारस' के सप्त खण्डों में 2667 सूक्तियाँ हैं। इस ग्रन्थ में न केवल जैनागमों व जैन ग्रन्थों की सूक्तियाँ हैं, अपितु वेद,

उपनिषद, गीता, महाभारत, आयुर्वेद शास्त्र, ज्योतिष, नीतिशास्त्र, पुराण, स्मृति, पंचतन्त्र, हितोपदेश आदि ग्रन्थों की भी सूक्तियाँ हैं ।

1. विश्वपूज्य प्रणीत सम्पूर्ण वाङ्मय
2. लेखिका द्वय की महत्त्वपूर्ण कृतियाँ



'विश्वपूज्यः'
जीवन-दर्शन

20

जीवन-रेखा

महिमामण्डित बहुरत्नावसुन्धरा से समलंकृत परम पावन भारतभूमि की वीर प्रसविनी राजस्थान की ब्रजधरा भरतपुर में सन् 1827 - 3 दिसम्बर को पौष शुक्ला सप्तमी, गुरुवार के शुभ दिन एक दिव्य नक्षत्र संतशिरोमणि विश्वपूज्य आचार्य श्रीमद् राजेन्द्रसूरिजी ने जन्म लिया, जिन्होंने अस्सी वर्ष की आयु तक लोकमाङ्गल्य की गंगधारा समस्त जगत् में प्रवाहित की ।

उनका जीवन भारतीय संस्कृति को पुनर्जीवित करने के लिए समर्पित हुआ ।

वह युग अँग्रेजी राज्य की धूमिल घन घटाओं से आच्छादित था । पाश्चात्त्य संस्कृति की चकाचौंध ने भारत की सरल आत्मा को कुण्ठित कर दिया था । नव पीढ़ी ईसाई मिशनरियों के धर्मप्रचार से प्रभावित हो गई थी । अँग्रेजी शासन में पद-लिप्सा के कारण शिक्षित युवापीढ़ी अतिशय आकर्षित थी ।

ऐसे अन्धकारमय युग में भारतीय संस्कृति की गरिमा को अक्षुण्ण रखने के लिए जहाँ एक ओर राजा राममोहनराय ने ब्रह्मसमाज की स्थापना की, तो दूसरी ओर दयानन्द सरस्वती ने वैदिक धर्म का शंखनाद किया । उसी युग में पुनर्जागरण के लिए प्रार्थना समाज और एनी बेसेन्ट ने थियोसोफिकल सोसायटी की स्थापना की । 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम को अँग्रेजी शासन की तोपों ने कुचल दिया था । भारतीय जनता को निराशा और उदासीनता ने घेर लिया था ।

जागृति का शंखनाद फूँकने के लिए लोकमान्य बालगंगाधर तिलक ने यह उद्घोषणा की – 'स्वराज्य मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है ।' महामना मदनमोहन मालवीय ने बनारस हिन्दु विश्वविद्यालय की स्थापना की ।

श्री मोहनदास कर्मचन्द गान्धी (राष्ट्रपिता - महात्मा गाँधी) को महान् संत श्रीमद् राजचन्द्र की स्वीकृति से उनके पिताश्री कर्मचन्दजी ने इंग्लैंड में बार-एट-लॉ उपाधि हेतु भेजा। गाँधीजी ने महान् संत श्रीमद् राजचन्द्र की तीन प्रतिज्ञाएँ पालन कर भारत की गौरवशालिनी संस्कृति को उजागर किया। ये तीन प्रतिज्ञाएँ थीं – 1. मांसाहार त्याग 2. मदिरापान त्याग और 3. ब्रह्मचर्य का पालन। ये प्रतिज्ञाएँ भारतीय संस्कृति की रवि-रश्मियाँ हैं, जिनके प्रकाश से भारत जगद्गुरु के पद पर प्रतिष्ठित हैं, परन्तु आँग्ल शासन ने हमारी उज्ज्वल संस्कृति को नष्ट करने का भरसक प्रयास किया।

ऐसे समय में अनेक दिव्य एवं तेजस्वी महापुरुषों ने जन्म लिया जिनमें श्री रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानंद, श्री आत्मारामजी (सुप्रसिद्ध जैनाचार्य श्रीमद् विजयानन्द सूरिजी) एवं विश्वपूज्य श्रीमद् राजेन्द्रसूरिजी म. आदि हैं।

श्रीमद् राजेन्द्रसूरिजी ने चरित्र निर्माण और संस्कृति की पुनर्स्थापना के लिए जो कार्य किया, वह स्वर्णाक्षरों में अङ्कित है। एक ओर उन्होंने भारतीय साहित्य के गौरवशाली, चिन्तामणि रत्न के समान 'अभिधान राजेन्द्र कोष' को सात खण्डों में रचकर भारतीय वाङ्मय को विश्व में गौरवान्वित किया, तो दूसरी और उन्होंने सरल, तपोनिष्ठ, त्याग, करुणार्द्र और कोमल जीवन से सबको मैत्री-सूत्र में गुम्फित किया।

विश्वपूज्य की उपाधि उनको जनता जनार्दन ने, उनके प्रति अगाध श्रद्धा-प्रीति और भक्ति से प्रदान की है, यद्यपि ये निर्मोही अनासक्त योगी थे। न तो किसी उपाधि-पदवी के आकाङ्क्षी थे और न अपनी यशोपताका फहराने के लिए लालायित थे।

उनका जीवन अनन्त ज्योतिर्मय एवं करुणा रस का सुधा-सिन्धु था!

उन्होंने अपने जीवनकाल में महनीय 61 ग्रन्थों की रचना की है जिनमें काव्य, भक्ति और संस्कृति की रसवंती धाराएँ प्रवाहित हैं।

वस्तुत: उनका मूल्यांकन करना हमारे वश की बात नहीं, फिरभी हम प्रीतिवश यह लिखती हैं कि जिस समय भारत के मनीषी-साहित्यकार एवं कवि भारतीय संस्कृति और साहित्य को पुनर्जीवित करना चाहते थे, उस समय विश्वपूज्य भी भारत के गौरव को उद्‌भासित करने के लिए 63 वर्ष की आयु में सन् 1890 आश्विन शुक्ला 2 को कोष के प्रणयन में जुट गए। इस कोष के सप्त खण्डों को उन्होंने सन् 1903 चैत्र शुक्ला 13 को परिसम्पन्न किया। यह शुभ दिन भगवान् महावीर का जन्म कल्याणक दिवस है। शुभारम्भ नवरात्रि में किया और समापन प्रभु के जन्म-कल्याणक के दिन वसन्त ऋतु की मनमोहक सुगन्ध बिखेरते हुए किया।

यह उल्लेख करना समीचीन है कि उस युग में मैकाले ने अँग्रेजी भाषा और साहित्य को भारतीय विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में अनिवार्य कर दिया था और नई पीढ़ी अँग्रेजी भाषा तथा साहित्य को पढ़कर भारतीय साहित्य व संस्कृति को हेय समझने लगी थी, ऐसे पराभव युग में बालगंगाधर तिलक ने 'गीता रहस्य', जैनाचार्य श्रीमद् बुद्धिसागरजी ने 'कर्मयोग', श्रीमद् आत्मारामजी ने 'जैन तत्त्वादर्श' व 'अज्ञान तिमिर भास्कर',[1] महान् मनीषी अरविन्द घोष ने 'सावित्री' महाकाव्य लिखकर पश्चिम-जगत् को अभिभूत कर दिया।

उस युग में प्रज्ञा महर्षि जैनाचार्य विश्वपूज्य श्रीमद् राजेन्द्रसूरिजी गुरुदेव ने '**अभिधान राजेन्द्र कोष**' की रचना की। उनके द्वारा निर्मित यह अनमोल ग्रन्थराज एक अमरकृति है। यह एक ऐसा विशाल कार्य था, जो एक व्यक्ति की सीमा से परे की बात थी, किन्तु यह दायित्व विश्वपूज्य ने अपने कंधों पर ओढ़ा।

भारतीय संस्कृति और साहित्य के पुनर्जागरण के युग में विश्वपूज्य ने महान् कोष को रचकर जगत् को ऐसा अमर ग्रन्थ दिया जो चिर नवीन है। यह 'एन साइक्लोपिडिया' समस्त भाषाओं की करुणार्द्र माता

1 अज्ञान तिमिर भास्कर को पढकर अंग्रेज विद्वान् हार्नेल इतने प्रसन्न हुए कि उन्होंने श्रीमद् आत्मारामजी को 'अज्ञान तिमिर भास्कर' के अलकरण से विभूषित किया तथा उन्होंने अपने ग्रन्थ 'उपासक दशाग' के भाष्य को उन्हें समर्पित किया।

संस्कृत, जनमानस में गंग-धारा के समान बहनेवाली जनभाषा अर्धमागधी और जनता-जनार्दन को प्रिय लगनेवाली प्राकृत भाषा - इन तीनों भाषाओं के शब्दों की सुस्पष्ट, सरल और सहज व्याख्या उद्‌भासित करता है ।

इस महाकोष का वैशिष्ट्य यह है कि इसमें गीता, मनुस्मृति, ऋग्वेद, पद्मपुराण, महाभारत, उपनिषद, पातंजल योगदर्शन, चाणक्य नीति, पंचतंत्र, हितोपदेश आदि ग्रन्थों की सुबोध टीकाएँ और भाष्य उपलब्ध हैं । साथ ही आयुर्वेद के सुप्रसिद्ध ग्रन्थ 'चरक संहिता' पर भी व्याख्याएँ हैं ।

'अभिधान राजेन्द्र कोष' की प्रशंसा भारतीय एवं पाश्चात्त्य विद्वान् करते नहीं थकते । इस ग्रन्थ रत्नमाला के सात खण्ड सात अनुपम दिव्य रत्न हैं, जो अपनी प्रभा से साहित्य-जगत् को प्रदीप्त कर रहे हैं ।

इस भारतीय राजर्षि की साहित्य एवं तप-साधना पुरातन ऋषि के समान थी । वे गुफाओं एवं कन्दराओं में रहकर ध्यानालीन रहते थे । उन्होंने स्वर्णगिरि, चामुण्डावन, मांगीतुंगी आदि गुफाओं के निर्जन स्थानों में तप एवं ध्यान-साधना की । ये स्थान वन्य पशुओं से भयावह थे, परन्तु इस ब्रह्मर्षि के जीवन से जो प्रेम और मैत्री की दुग्धधारा प्रवाहित होती थी, उससे हिंस्र पशु-पक्षी भी उनके पास शांत बैठते थे और भयमुक्त हो चले जाते थे ।

ऐसे महापुरुष के चरण कमलों में राजा-महाराजा, श्रीमन्त, राजपदाधिकारी नतमस्तक होते थे । वे अत्यन्त मधुर वाणी में उन्हें उपदेश देकर गर्व के शिखर से विनय-विनम्रता की भूमि पर उतार लेते थे और वे दीन-दुखियों, दरिद्रों, असहायों, अनाथों एवं निर्बलों के लिए साक्षात् भगवान् थे ।

उन्होंने सामाजिक कुरीतियों-कुपरम्पराओं, बुराइयों को समाप्त करने के लिए तथा धार्मिक रूढ़ियों, अन्धविश्वासों, मिथ्याधारणाओं और कुसंस्कारों को मिटाने के लिए ग्राम-ग्राम, नगर-नगर पैदल विहार कर विभिन्न प्रवचनों के माध्यम से उपदेशामृत की अजस्रधारा प्रवाहित

की। तृष्णातुर मनुष्यों को संतोषामृत पिलाया। कुसंपों के फुफकारते फणिधरों को शांत कर समाज को सुसंप का सुधा-पान कराया।

विश्वपूज्य ने नारी-गरिमा के उत्थान के लिए भी कन्या-पाठशालाएँ, दहेज उन्मूलन, वृद्ध-विवाह निषेध आदि का आजीवन प्रचार-प्रसार किया। 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता:' के अनुरूप सन्देश दिया अपने प्रवचनों एवं साहित्य के माध्यम से।

गुरुदेव ने पर्यावरण-रक्षण के लिए वृक्षों के संरक्षण पर जोर दिया। उन्होंने पशु-पक्षी के जीवन को अमूल्य मानते हुए उनके प्रति प्रेमभाव रखने के लिए उपदेश दिए। पर्वतों की हरियाली, वन-उपवनों की शोभा, शान्ति एवं अन्तर-सुख देनेवाली है। उनका रक्षण हमारे जीवन के लिए अत्यावश्यक है। इसप्रकार उन्होंने समस्त जीवराशि के संरक्षण के लिए उपदेश दिया।

काव्य विभूषा : उनकी काव्य कला अनुपम है। उन्होंने शास्त्रीय राग-रागिनियों में अनेक सज्झाय व स्तवन गीत रचे हैं। उन्होंने शास्त्रीय रागों में ठुमरी, कल्याण, भैरवी, आशावरी आदि का अपने गीतों में सुरम्य प्रयोग किया है। लोकप्रिय रागिनियों में वनझारा, गरबा, ख्याल आदि प्रियंकर हैं। प्राचीन पूजा गीतों की लावनियों में 'सलूणा', 'रेखता', 'तीरथनी आशातना नवि करिए रे' आदि रागों का प्रयोग मनमोहक हैं। उन्होंने उर्दू की गजल का भी अपने गीतों में प्रयोग किया है।

चैत्यवंदन - स्तुतियों में - दोहा, शिखरणी, स्रग्धरा, मालिनी, पद्धडी प्रमुख हैं। पद्धडी छन्द में रचित श्री महावीर जिन चैत्यवंदन की एक वानगी प्रस्तुत है –

"संसार सागर तार धीर, तुम विण कोण मुझ हरत पीर।
मुझ चित्त चंचल तुं निवार, हर रोग सोग भयभीत वार॥ [1]

एक निश्छल भक्त का दैन्य निवेदन मौन-मधुर है। साथ ही अपने परम तारक परमात्मा पर अखण्ड विश्वास और श्रद्धा-भक्ति को प्रकट करता है।

---

1 जिन - भक्ति - मंजूषा भाग - 1

चौपड़ क्रीड़ा- सज्झाय में अलौकिक निरंजन शुद्धात्म चेतन रूप प्रियतम के साथ विश्वपूज्य की शुद्धात्मा रूपी प्रिया किस प्रकार चौपड़ खेलती है ? वे कहते हैं –

'रंग रसीला मारा, प्रेम पनोता मारा, सुखरा सनेही मारा साहिबा ।
पिउ मोरा चोपड़ इणविध खेल हो ॥
चार चोपड़ चारों गति, पिउ मोरा चोरासी जीवा जोन हो ।
कोठा चोरासिये फिरे, पिउ मोरा सारी पासा वसेण हो ॥" [1]

यह चौपड़ का सुन्दर रूपक है और उसके द्वारा चतुर्गति रूप संसार में चौपड़ का खेल खेला जा रहा है। साधक की शुद्धात्म-प्रिया चेतन रूप प्रियतम को चौपड़ के खेल का रहस्योद्घाटन करते हुए कहती है कि चौपड़ चार पट्टी और 84 खाने की होती है। इसीतरह चतुर्गति रूप चौपड़ में भी 84 लक्षयोनि रूप 84 घर-उत्पत्ति-स्थान होते हैं। चतुर्गति चौपड़ के खेल को जीतकर आत्मा जब विजयी बन जाती है, तब वह मोक्ष रूपी घर में प्रवेश करती है।

अध्यात्मयोगी संत आनंदघन ने भी ऐसी ही चौपड़ खेली है –

"प्राणी मेरो, खेलै चतुरगति चोपर ।
नरद गंजफा कौन गिनत है, मानै न लेखे बुद्धिवर ॥
राग दोस मोह के पासे, आप वणाए हितधर ।
जैसा दाव परै पासे का, सारि चलावै खिलकर ॥" [2]

विश्वपूज्य का काव्य अप्रयास हृदय-वीणा पर अनुगुंजित है। 'पिउ' [प्रियतम] शब्द कविता की अंगूठी में हीरककणी के समान मानो जड़ दिया।

विश्वपूज्य की आत्मरमणता उनके पदों में दृष्टिगत होती है। वे प्रकाण्ड विद्वान् - मनीषी होते हुए भी अध्यात्म योगीराज आनन्दघन की तरह अपनी मस्त फकीरी में रमते थे। उनका यह पद मनमोहक है –

'अवधू आतम ज्ञान में रहना,
किसी कु कुछ नहीं कहना ॥' [3]

---

1. जिन भक्ति मंजूषा भाग - 1
2. आनन्दघन ग्रन्थावली
3. जिन भक्ति मंजूषा भाग - 1

'मौनं सर्वार्थ साधनम्' की अभिव्यंजना इसमें मुखरित हुई है। उनके पदों में व्यक्ति की चेतना को झकझोर देने का सामर्थ्य है, क्योंकि वे उनकी सहज अनुभूति से निःसृत है। विश्वपूज्य का अंतरंग व्यक्तित्व उनकी काव्य-कृतियों में व्याप्त है। उनके पदों में कबीर-सा फक्कड़पन झलकता है। उनका यह पद द्रष्टव्य है –

"ग्रन्थ रहित निर्ग्रन्थ कहीजे, फकीर फिकर फकनारा।
ज्ञानवास में बसे संन्यासी, पंडित पाप निवारा रे
सद्गुरु ने बाण मारा, मिथ्या भरम विदारा रे ॥" [1]

विश्वपूज्य का व्यक्तित्व वैराग्य और अध्यात्म के रंग में रंगा था। उनकी आध्यात्मिकता अनुभवजन्य थी। उनकी दृष्टि में आत्मज्ञान ही महत्त्वपूर्ण था। 'परभावों में घूमनेवाला आत्मानन्द की अनुभूति नहीं कर सकता। उनका मत था कि जो पर पदार्थों में रमता है वह सच्चा साधक नहीं है। उनका एक पद द्रष्टव्य है –

'आतम ज्ञान रमणता संगी, जाने सब मत जंगी।
पर के भाव लहे घट अंतर, देखे पक्ष दुरंगी ॥
सोग संताप रोग सब नासे, अविनासी अविकारी।
तेरा मेरा कछु नहीं ताने, भंगे भवभय भारी ॥
अलख अनोपम रूप निज निश्चय, ध्यान हिये बिच धरना।
दृष्टि राग तजी निज निश्चय, अनुभव ज्ञानकुं वरना ॥"[2]

उनके पदों में प्रेम की धारा भी अबाधगति से बहती है। उन्होंने शांतिनाथ परमात्मा को प्रियतम का रूपक देकर प्रेम का रहस्योद्घाटन किया है। वे लिखते हैं –

'श्री शांतिजी पिउ मोरा, शांतिसुख सिरदार हो।
प्रेमे पाम्या प्रीतड़ी, पिउ मोरा प्रीतिनी रीति अपार हो ॥
शांति सलूणो म्हारो, प्रेम नगीनो म्हारो, स्नेह समीनो म्हारो नाहलो।
पिउ पल एक प्रीति पमाड हो, प्रीत प्रभु तुम प्रेमनी,
पीउ मोरा मुज मन में नहिं माय हो ॥" [3]

---

1. जिन भक्ति मंजूषा भाग – 1
2. जिन भक्ति मंजूषा भाग – 1
3. जिन भक्ति मंजूषा भाग – 1

यद्यपि उनकी दृष्टि में प्रेम का अर्थ साधारण-सी भावुक स्थिति न होकर आत्मानुभवजन्य परमात्म-प्रेम है, आत्मा-परमात्मा का विशुद्ध निरूपाधिक प्रेम है। इसप्रकार, विश्वपूज्य की कृतियों में जहाँ-जहाँ प्रेम-तत्त्व का उल्लेख हुआ है, वह नर-नारी का प्रेम न होकर आत्म-ब्रह्म-प्रेम की विशुद्धता है।

विश्वपूज्य में धर्म सद्भाव भी भरपूर था। वे निष्पक्ष, निस्पृही मानव-मानव के बीच अभेद भाव एवं प्राणि मात्र के प्रति प्रेम-पीयूष की वर्षा करते थे। उन्होंने अरिहन्त, अल्लाह-ईश्वर, रूद्र-शिव, ब्रह्मा-विष्णु को एक ही माना है। एक पद में तो उन्होंने सर्व धर्मों में प्रचलित परमात्मा के विविध नामों का एक साथ प्रयोग कर समन्वय-दृष्टि का अच्छा परिचय दिया है। उनकी सर्व धर्मों के प्रति समादरता का निम्नांकित पद मननीय है –

'ब्रह्म एक छे लक्षण लक्षित, द्रव्य अनंत निहारा।
सर्व उपाधि से वर्जित शिव ही, विष्णु ज्ञान विस्तारा रे॥
ईश्वर सकल उपाधि निवारी, सिद्ध अचल अविकारा।
शिव शक्ति जिनवाणी संभारी, रूद्र है करम संहारा रे॥
अल्लाह आतम आपहि देखो, राम आतम रमनारा।
कर्मजीत जिनराज प्रकासे, नयथी सकल विचारा रे॥'[1]

विश्वपूज्य के इस पद की तुलना संत आनंदघन के पद से की जा सकती है।[2]

यह सच है कि जिसे परमतत्त्व की अनुभूति हो जाती है, वह संकीर्णता के दायरे में आबद्ध नहीं रह सकता। उसके लिए राम-कृष्ण, शंकर-गिरीश, भूतेश्वर, गोविन्द, विष्णु, ऋषभदेव और महादेव

---

1 जिन भक्ति मंजूषा भाग - 1 पृ. 72

2 'राम कहौ रहिमान कहौ, कोउ कान्ह कहौ महादेव री।
पारसनाथ कहौ कोउ ब्रह्मा, सकल ब्रह्म स्वयमेवरी॥
भाजन भेद कहावत नाना, एक मृत्तिका रूप री।
तैसे खण्ड कलपना रोपित, आप अखण्ड सरूप री॥
निज पद रमै राम सो कहिये, रहम करे रहमान री।
करषै करम कान्ह सो कहिये, महादेव निरवाण री॥
परसै रूप सो पारस कहिये, ब्रह्म चिन्है सो ब्रह्म री।
इहविध साध्यो आप आनन्दघन, चेतनमय निःकर्मरी॥' आनंदघन ग्रन्थावली, पद ६५

या ब्रह्म आदि में कोई अन्तर नहीं रह जाता है। उसका तो अपना एक धर्म होता है और वह है — आत्म-धर्म (शुद्धात्म-धर्म)। यही बात विश्वपूज्य पर पूर्णरूपेण चरितार्थ होती है। सामान्यतया जैन परम्परा में परम तत्त्व की उपासना तीर्थंकरों के रूप में की जाती रही है; किन्तु विश्वपूज्य ने परमतत्त्व की उपासना तीर्थंकरों की स्तुति के अतिरिक्त शंकर, शंभु, भूतेश्वर, महादेव, जगकर्ता, स्वयंभू, पुरूषोत्तम, अच्युत, अचल, ब्रह्म-विष्णु-गिरीश इत्यादि के रूप में भी की है। उन्होंने निर्भीक रूप से उद्घोषणा की है —

"शंकर शंभु भूतेश्वरो ललना, मही माहें हो वली किस्यो महादेव,
जिनवर ए जयो ललना।
जगकर्ता जिनेश्वरो ललना, स्वयंभू हो सहु सुर करे सेव,
जिनवर ए जयो ललना॥
वेद ध्वनि वनवासी ललना, चौमुखे हो चारे वेद सुचंग, जिन.।
वाणी अनक्षरी दिलवसी ललना, ब्रह्माण्डे बीजो ब्रह्म विभंग, जि.॥
पुरूषोत्तम परमातमा ललना, गोविन्द हो गिरूवो गुणवंत, जि.।
अच्युत अचल छे ओपमा ललना, विष्णु हो कुण अवर कहंत, जि.॥
नाभेय रिषभ जिणंदजी ललना, निश्चय थी हो देख्यो देव दमीश।
एहिज सूरिशजेन्द्र जी ललना, तेहिज हो ब्रह्मा विष्णु गिरीश, जि.॥"[1]

वास्तव में, विश्वपूज्य ने परमात्मा के लोक प्रसिद्ध नामों का निर्देश कर समन्वय-दृष्टि से परमात्म-स्वरूप को प्रकट किया है।

इसप्रकार कहा जा सकता है कि विश्वपूज्य ने धर्मान्धता, संकीर्णता, असहिष्णुता एवं कूपमण्डूकता से मानव-समाज को ऊपर उठाकर एकता का अमृतपान कराया। इससे उनके समय की राजनैतिक एवं धार्मिक परिस्थिति का भी परिचय मिलता है।

'अभिधान राजेन्द्र कोष' कथाओं का सुधासिन्धु है। कथाओं में जीवन को सुसंस्कृत, सभ्य एवं मानवीय गुण-सम्पदा से विभूषित करने का सरस शैली में अभिलेखन हुआ है। कथाएँ इक्षुरस के समान मधुर, सरस और सहज शैली में आलेखित हैं। शैली में प्रवाह हैं, प्राकृत और संस्कृत शब्दों को हीरक कणियों के समान तराश कर

1 जिन भक्ति मंजूषा भाग - 1 पृ. 72

कथाओं को सुगम बना दिया है ।

उपसंहार :

विश्वपूज्य अजर-अमर है । उनका जीवन 'तप्तं तप्तं पुनरपि पुनः काञ्चनं कान्त वर्णम्' की उक्ति पर खरा उतरता है । जीवन में तप की कंचनता है, कवि-सी कोमलता है । विद्वत्ता के हिमाचल में से करुणा की गंग-धारा प्रवाहित है ।

उन्होंने जगत् को 'अभिधान राजेन्द्र कोष' रूपी कल्पतरू देकर इस धरती को स्वर्ग बना दिया है, क्योंकि इस कोष में ज्ञान-भक्ति और कर्मयोग का त्रिवेणी संगम हुआ है । यह लोक माङ्गल्य से भरपूर क्षीर-सागर है । उनके द्वारा निर्मित यह कोष आज भी आकाशी ध्रुवतारे की भाँति टिमटिमा रहा है और हमें सतत दिशा-निर्देश दे रहा है ।

विश्वपूज्य के लिए अनेक अलंकार ढूँढ़ने पर भी हमें केवल एक ही अलंकार मिलता है – वह है – अनन्वय अलंकार – अर्थात् विश्वपूज्य विश्वपूज्य ही है ।

उनका स्वर्गवास 21 दिसम्बर सन् 1906 में हुआ, परन्तु कौन कहता है कि विश्वपूज्य विलीन हो गये ? वे जन-जन के श्रद्धा केन्द्र सबके हृदय-मंदिर में विद्यमान हैं !



अभिधान राजेन्द्र कोष में,

सूक्ति-सुधारस

(तृतीय खण्ड)

1. कृतकर्म

सव्वे सय कम्म कप्पिया ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 2]

— ***सूत्रकृतांग 1/2/3/18***

सभी प्राणी अपने कृत कर्मों के कारण नाना योनियों में भ्रमण करते हैं ।

2. अकेला !

एगस्स गती य आगती ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 2]

— ***सूत्रकृतांग 1/2/3/17***

आत्मा (परिवार आदि को छोड़कर) परलोक में अकेला ही गमनागमन करता है ।

3. आत्मा ही दुःख भोक्ता

एगो सयं पच्चणुहोति दुक्खम् ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 2]

— ***सूत्रकृतांग 1/5/2/22***

आत्मा अकेला स्वयं अपने किए हुए दुःखों को भोगता है ।

4. मैं सदा अकेला

एकः प्रकुरूते कर्म, भुंक्ते एकश्च तत्फलं ।
जायत्येको म्रियत्येको, एको याति भवान्तरम् ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 2]
एवं [भाग 7 पृ. 493]

— ***आचारांगवृत्ति (शीलांक) पृ. 190***

आत्मा अकेला कर्म करता है, अकेला ही उसका फल भोगता है, अकेला उत्पन्न होता है, अकेला ही मरता है और अकेला ही भवान्तर में जाता है ।

5. भयाकुल-मानव

हिंडंति भयाउला सढा, जाति जरा मरणेहऽभिद्दुता ।

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 3 पृ. 2]

– *सूत्रकृतांग 1/2/3/18*

भय से व्याकुल शठजन-दुष्टजन, जन्म-जरा और मृत्यु से पीड़ित होकर संसार चक्र में भ्रमण करते हैं ।

6. अव्यक्त दुःख

अव्वत्तेण दुहेण पाणिणो ।

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 3 पृ. 2]

– *सूत्रकृतांग 1/2/3/18*

सभी प्राणी अव्यक्त (अलक्षित) दुःख से दुःखी हैं ।

7. धर्म से अनभिज्ञ

अण्णाणपमाद दोसेणं, सततं मूढे धम्मं णाभिजाणति ।

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 3 पृ. 8]

– *आचारांग 1/5/1/151*

अज्ञान और प्रमाद के दोष से सतत मूढ़ बना हुआ जीव धर्म को नहीं जान पाता ।

8. अपरिपक्व मानव

वयसा वि एगे बुइता कुप्पति माणवा ।

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 3 पृ. 8]

– *आचारांग 1/5/4/162*

कुछ अपरिपक्व मनुष्य थोड़े से प्रतिकूल वचन से भी कुपित हो जाते हैं ।

9. अभिमानी-मोहमूढ़

उण्णतमाणे य णरे महतामोहेण मुज्झति ।

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 3 पृ. 8]

— *आचारांग 1/5/4/162*

जिस व्यक्ति का मिथ्याभिमान बढ़ा हुआ है, वह महामोह के कारण विवेक खो देता है।

10. अपरिपक्व

संबाहा बहवे भुज्जो भुज्जो दुरतिक्कमा अनाणतो अपासतो।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 8]

— *आचारांग 1/5/4/162*

अज्ञानी और अपरिपक्व मनुष्य बार-बार आनेवाली बहुत सारी बाधाओं का पार नहीं पा सकता है।

11. नम्रता

जे एगं णामे से बहुं णामे, जे बहुं णामे से एगं णामे।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 11] **एवं** [भाग 7 पृ. 813]

— *आचारांग 1/3/4*

जो एक अपने को झुकाता है — जीत लेता है, वह बहुतों को झुकाता है और जो बहुतों को झुकाता है, वह एक को भी झुकाता है।

12. एकत्वभावना

एगत्तमेव अभिपत्थएज्जा।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 13]

— *सूत्रकृतांग 1/10/12*

आत्मार्थी पुरुष एकत्व भावना की ही प्रार्थना करें!

13. श्रमण-आहार-विधि

मियं कालेण भक्खए।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 69]

— *उत्तराध्ययन 1/32*

समयानुकूल परिमित भोजन करें।

14. सुखान्त-चिन्तन

न मे चिरं दुक्खमिणं भविस्सई,
असासया भोग-पिवास जंतुणो ।
न चे सरीरेण इमेणऽवेस्सई,
अवेस्सई जीविय पज्जवेण मे ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 136]
— ***दशवैकालिक चूलिका 1/11/16***

साधक यह चिंतन करे कि 'मेरा यह दु:ख चिरकाल तक नहीं रहेगा', क्योंकि जीवों की भोग-पिपासा अशाश्वत है । यदि वह इस शरीर के रहते हुए भी न मिटी, तब भी कोई बात नहीं ! मेरे जीवन के अन्त में (मृत्यु के समय) तो वह अवश्य ही मिट जाएगी !'

15. बार बार दुर्लभ

बोही य से नो सुलभा पुणो पुणो ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 136]
— ***दशवैकालिक चूलिका 1/11/14***

सद्बोधि प्राप्त करने का अवसर बार बार मिलना सुलभ नहीं है ।

16. व्रतभ्रष्ट — अधोगति

संभन्नवित्तस्स य हेट्ठओ गई ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 136]
— ***दशवैकालिक चूलिका 1/11/13***

व्रत से भ्रष्ट होनेवाले की अधोगति होती है ।

17. निर्ग्रन्थ-प्ररूपित

तमेव सच्चं नीसंकं, जं जिणेहिं, पवेइयं ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 167]
एवं [भाग 6 पृ. 746] **एवं** [भाग 7 पृ. 273-502]
— ***आचारांग 1/5/5/162***

वही सत्य और नि:शंक है, जो तीर्थंकरों द्वारा प्ररूपित है ।

18. दुःख-निरोध

समुप्पाद मयाणंता, किह नार्हिति संवरं ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 205]

— *सूत्रकृतांग 1/1/3/10*

जो दुःखोत्पत्ति का कारण ही नहीं जानते, वह उसके निरोध का कारण कैसे जान पायेंगे ?

19. अधर्म से दुःखोत्पत्ति

अमणुण्ण समुप्पादं दुक्खमेव वियाणिया ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 205]

— *सूत्रकृतांग 1/1/3/10*

अशुभ अनुष्ठान अर्थात् अधर्माचरण से दुःख की उत्पत्ति होती है ।

20. कहाँ अँध, कहाँ दर्शक !

अंधो कहिं कत्थ य देसियव्वं ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 222]

— *बृहत्कल्प भाष्य 3253*

कहाँ अँधा और कहाँ पथप्रदर्शक ? (अँधा और मार्गदर्शक, यह कैसा मेल ?)

21. स्वच्छंदता

कुलं विणासेइ सयं पयाता, न दीव कूलं कुलडा उ नारी ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 222]

— *बृह. भाष्य 3251*

स्वच्छंदाचरण करनेवाली नारी अपने दोनों कुलों (पितृकुल व श्वसुरकुल) को वैसे ही नष्ट कर देती है, जैसे कि स्वच्छन्द बहती हुई नदी अपने दोनों कूलों (तटों) को ।

22. उपदेश के अयोग्य

उपदेशो न दातव्यो, यादृशे तादृशे जने ।
पश्य वानर मूर्खेण, सुगृही निर्गृही कृतः ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 222]

— ***बृहत्कल्पवृत्ति सभाष्य 1 उद्देश***

जैसे तैसे व्यक्ति को उपदेश नहीं देना चाहिए। देखो ! मूर्ख बन्दर ने अच्छे घरवाले को घरविहीन बना दिया।

23. वसुंधरा

वसुंधरेयं जह वीर भोज्जा ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 222]

— ***बृहदावश्यक भाष्य 3254***

यह वसुन्धरा वीरभोग्या है।

24. निर्वाण-प्राप्ति

एवं भाव विसोहीए णेव्वाण मभिगच्छती ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 331]

— ***सूत्रकृतांग 1/1/2/27***

भावों की विशुद्धि से निर्वाण प्राप्त करता है।

25. मिथ्यादृष्टि जीव

एवं तु समणा एगे, मिच्छदिट्ठी अणारिया ।
संसार पारकंखी ते, संसारं अणुपरिट्टंति त्तिबेमि ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 332]

— ***सूत्रकृतांग 1/1/2/32***

कई मिथ्यादृष्टि, अनार्य श्रमण संसार सागर से पार जाना चाहते हैं, लेकिन वे संसार में ही बार-बार पर्यटन करते रहते हैं।

26. अज्ञानी साधक

जहा आसाविणिं णावं जाति अंधो दुरूहिया ।
इच्छेज्जा पारमागंतुं अंतरा य विसीयती ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 332]

— ***सूत्रकृतांग 1/1/2/31***

अज्ञानी साधक उस जन्मान्ध व्यक्ति के समान है, जो सछिद्र नौका पर चढ़कर नदी किनारे पहुँचना तो चाहता है, किन्तु किनारा आने से पहले ही बीच प्रवाह में डूब जाता है।

27. शुभाशुभ कर्म

शुभाशुभानि कर्माणि, स्वयं कुर्वन्ति देहिनः ।
स्वयमेवोपभुज्यंते, दुःखानि च सुखानि च ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 334]
— ***उत्तराध्ययनसूत्र सटीक 1 अ.***

प्राणी स्वयं शुभाशुभ कर्म का कर्ता है और स्वयं ही सुख-दुःख का भोक्ता है।

28. विघ्न

श्रेयांसि बहुविघ्नानि भवन्ति महतामपि ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 338]
— ***विशेषावश्यक भाष्य बृहद्वृत्ति पृ. 17***

महापुरुषों को भी शुभकार्य में अनेक विघ्न-बाधाएँ आती हैं।

29. कामभोगासक्त मानव

सत्ता कामेहिं माणवा ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 342]
— ***आचारांग 1/6/1/180***

मनुष्य काम-भोगों में आसक्त होते हैं।

30. दुःखरूप संसार

पास ! लोए महब्भय ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 342]
— ***आचारांग 1/6/1/180***

देखो ! यह संसार महाभयवाला है।

31. बालधृष्ट

अट्टे से बहु दुक्खे इति बाले पकुव्वति (पगब्भइ) ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 342]

— *आचारांग 1/6/1/180*

वेदना से पीड़ित मनुष्य बहुत दुःख पाता है, इसलिए वह बाल [अज्ञानी] प्राणियों को क्लेश पहुँचाता हुआ धृष्ट (बेदर्द) हो जाता है ।

32. भावान्धकार

संति पाणा अंधा तमंसि वियाहिता ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 342]

— *आचारांग 1/6/1/180*

अंधकार में होनेवाले प्राणी अंधे कहे गए हैं ।

33. देह पोषण के लिए वध त्याज्य

अबलेण वहं गच्छंति सरीरेण पभंगुरेण ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 342]

— *आचारांग 1/6/1/180*

इस निःसार क्षणभंगुर देह के पोषण के लिए मनुष्य अन्य जीवों के वध की इच्छा करते हैं ।

34. संसारी जीव दुःखी

बहु दुक्खा हु जंतवो ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 342]

— *आचारांग 1/6/1/180*

संसारी जीव निश्चय ही बहुत दुःखी है ।

35. कर्मानुसार फल

सव्वो पुव्वकयाणं कम्माणं पावए फल विवागं ।
अवराहेसु गुणेसु य, णिमित्त मित्तं परो होइ ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 342]

— *सूत्रकृतांग 1/12*

सभी मनुष्य अपने पूर्वकृत कर्मों के अनुसार फल पाते हैं। अपराध और गुणों में दूसरे लोग तो मात्र निमित्त बनते हैं।

36. स्वल्प सुख भी नहीं

दुःखं स्त्री कुक्षि मध्ये प्रथमिह भवे गर्भवासे नराणाम्,
बालत्वे चापि दुःखं मललालित तनुस्त्रीपयः पानमिश्रम्।
तारूण्ये चापि दुःखं भवति विरहजं वृद्धभावोऽप्यसारः,
संसारे रेमनुष्याः! वदत यदि सुखं स्वल्पमप्यस्ति किञ्चिद् ॥

— श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 3 पृ. 342]
एवं [भाग 4 पृ. 2549]
— आगमीय सूक्तावलि पृ. 25
— धर्मरत्नप्रकरण सटीक —

इस संसार में पहले तो गर्भावास में ही मनुष्यों को जननी की कुक्षि में दुःख प्राप्त होता है। उसके बाद बाल्यावस्था में भी मलपरिपूर्ण शरीर स्त्री के स्तनपयः (दूध) पान से मिश्रित दुःख होता है और युवावस्था में भी विरह आदि से दुःख उत्पन्न होता है तथा वृद्धावस्था तो बिल्कुल निःसार यानी कफ-वात-पित्तादि के दोषों से भरी हुई है। इसलिए हे मनुष्यों! यदि संसार में थोड़ा भी सुख का लेश हो तो बताओ ?

37. कृतज्ञता

प्रथम वयसि पीतं तोयमल्पं स्मरन्तः,
शिरसि निहित भारा नारिकेरा नराणाम्।
उदकममृतकल्पं दद्युराजीवितान्तं,
नहि कृतमुपकारं साधवो विस्मरन्ति ॥

— श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 3 पृ. 354]
— धर्मसंग्रह सटीक 1 अधिकार

नारियल के छोटे पौधे को मनुष्य जल से सींचते हैं। अपनी प्रथम अवस्था में पीये गये उस थोड़े से जल को याद रखते हुए वे नारियल के वृक्ष अपने सिर पर सदा जल का भार उठाये रखते हैं और जीवन पर्यन्त मनुष्यों को अमृत के तुल्य स्वादिष्ट जल देते रहते हैं। सच है, साधुजन किसी के किए हुए उपकार को कभी भूलते नहीं है।

38. यथा वाणी तथा क्रिया

करणसच्चे वट्टमाणो जीवो जहावाई तहाकारी यावि भवइ ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 372]

— *उत्तराध्ययन 29/53*

करण सत्य — (कार्य की सचाई) व्यवहार में स्पष्ट रहनेवाली आत्मा 'जैसी कथनी वैसी करनी' का आदर्श प्राप्त करती है ।

39. लाभ, लोभ

जहा लाभो तहा लोभो ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 387]

— *उत्तराध्ययन 8/17*

ज्यों — ज्यों लाभ होता है, त्यों — त्यों लोभ होता है ।

40. लाभ से लोभ

लाभा लोभो पवड्ढई ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 387]

— *उत्तराध्ययन 8/17*

लाभ से लोभ बढ़ता जाता है ।

41. निःस्नेह

विजहित्तु पुव्व संजोगं, न सिणेहं कहिंचि कुव्वेज्जा ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 388]

— *उत्तराध्ययन 8/2*

साधक पूर्व संयोगों को छोड़ देने पर फिर किसी भी वस्तु में स्नेह न करें ।

42. स्नेह में निःस्नेह

असिणेह सिणेह करेहिं ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 388]

— *उत्तराध्ययन 8/2*

जो तुम्हारे प्रति स्नेह करे, उनसे भी तुम निःस्नेहभाव से रहो ।

43. दुर्गति रक्षण – जिज्ञासा

अधुवे असासयम्मी, संसारम्मि दुक्ख पउराए ।
किं नाम होज्ज तं कम्मगं, जेणाहं दोग्गइं न गच्छेज्जा ?

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 388]

– *उत्तराध्ययन 8/1*

इस अध्रुव, अशाश्वत और दुःखमय संसार में ऐसा कौन-सा कर्म है ? कौन-सा क्रियानुष्ठान है जिसे अपना कर जीव दुर्गति में जाने से बच सके ?

44. कामदुस्त्याज्य

दुपरिच्चया इमे कामा, नो सुजहा अधीर पुरिसेहिं ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 389]

– *उत्तराध्ययन 8/6*

काम-भोगों का त्याग करना अत्यन्त कठिन हैं । अधीर पुरुष तो इन्हें आसानी से छोड़ ही नहीं सकते ।

45. पापदृष्टिः नरक-हेतु

मंदा निरयं गच्छंति, बाला पावियाहिं दिट्ठीहिं ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 389]

– *उत्तराध्ययन 8/7*

मन्द बुद्धिवाले तथा अज्ञानी पुरुष अपनी पापमयी दृष्टि के कारण ही नरक में जाते हैं ।

46. अज्ञ-श्लेष्म की मक्खी

बाले य मंदिए मूढे, वज्झई मच्छिया खेलम्मि ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 389]

– *उत्तराध्ययन 8/5*

अज्ञानी और मंदमति मूढ़ जीव संसार में उसी प्रकार फंस जाते हैं, जैसे श्लेष्म-कफ में मक्खी ।

47. अलिप्त साधक

सव्वेसु काम जाएसु, पासमाणो न लिप्पई ताई ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 389]

— *उत्तराध्ययन 8/4*

सभी काम-भोगों में दोष देखता हुआ आत्मरक्षक साधक उनमें कभी लिप्त नहीं होता ।

48. हिंसा से सर्वथाविरत

जगनिस्सिएहिं भूएहिं, तस नामेहिं थावरेहिं च ।
नो तेसिं आरभे दंडं, मणसा वयसा कायसा चेव ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 390]

— *उत्तराध्ययन 8/10*

लोकाश्रित जो भी त्रस और स्थावर जीव हैं, उनके प्रति मन-वचन और काया — किसी भी प्रकार से दण्ड का प्रयोग न करें ।

49. प्राणवध अनुमोदी

न हु पाणवहं अणु जाणे, मुच्चेज्ज कयाइ सव्वदुक्खाणं ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 390]

— *उत्तराध्ययन 8/8*

प्राणवध का अनुमोदन करनेवाला पुरुष कदापि सर्वदुःखों से मुक्त नहीं हो सकता ।

50. आहार की अनासक्ति

जायाए घासमेसेज्जा ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 390]

— *उत्तराध्ययन 8/11*

साधक जीवन-निर्वाह के लिए खाए ।

51. रस-अलोलुप

रस गिद्धे न सिया भिक्खाए ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 390]

— *उत्तराध्ययन 8/11*

मुनि रसलोलुप न बने।

52. तृष्णाः दूष्पूर्णा

दुप्पूरए इमे आया।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 391]

— *उत्तराध्ययन 8/16*

यह आत्मस्थित तृष्णा कठिनाई से भरी जानेवाली है।

53. बोधि-दुर्लभ

बहु कम्मलेवलिताणं, बोही होई सुदुल्लहा तेसिं।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 391]

— *उत्तराध्ययन 8/15*

जो आत्माएँ बहुत अधिक कर्मों से लिप्त हैं, उन्हें बोधि प्राप्त होना अति दुर्लभ है।

54. दुष्पूरातृष्णा

कसिणंपि जो इमं लोयं, पडिपुन्नं दलेज्ज एक्कस्स।
तेणावि से ण संतुस्से, इइ दुप्पूरए इमे आया॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 391]

— *उत्तराध्ययन 8/16*

धन-धान्य से भरा हुआ यह समग्र विश्व भी यदि लोभी व्यक्ति को दे दिया जाय, तब भी वह उससे सन्तुष्ट नहीं हो सकता। इस प्रकार आत्मा की यह तृष्णा बड़ी दूष्पूरा (पूर्ण होना कठिन) है।

55. कामासक्त

ते कामभोग रस गिद्धा, उववज्जंति आसुरे काए।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 391]

— *उत्तराध्ययन 8/14*

जो साधक काम-भोग के रस में आसक्त हो जाते हैं, वे असुर जातिवाले निम्न श्रेणी के देवों में उत्पन्न होते हैं।

56. धर्म है सन्तजनों का शणगार

धम्मं च पेसलं नच्चा, तत्थ ठवेज्ज भिक्खू अप्पाणं ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 392]

— *उत्तराध्ययन 8/19*

धर्म को अत्यन्त कल्याणकारी—मनोज्ञ जानकर भिक्षु उसीमें अपनी आत्मा को संलग्न कर दें ।

57. नरक द्वार है अहंकार

सेलथंभ समाणं माणं अणुपविट्ठे जीवे ।
कालं करेइ णेरति एसु उववज्जति ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 396]

— *स्थानांग 4/4/2/293 (2)*

पत्थर के खंभे के समान जीवन में कभी नहीं झुकनेवाला अहंकार आत्मा को नरक गति की ओर ले जाता है ।

58. दंभ

वंसीमूलकेतणा समाणं मायं अणुपविट्ठे जीवे ।
कालं करेति णेरइएसु उववज्जति ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 396]

— *स्थानांग 4/4/2/293 (1)*

बाँस की जड़ के समान अतिनिबिड़-गाँठदार दंभ (कपट) आत्मा को नरक गति की ओर ले जाता है ।

59. लोभ, रंगमजीठ

किमिरागरत्तवत्थ समाणं लोभमणुपविट्ठे जीवे ।
कालं करेति णेरइएसु उववज्जति ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 396]

— *स्थानांग 4/4/2/293 (3)*

मजीठ के रंग के समान जीवन में कभी नहीं छूटनेवाला लोभ आत्मा को नरक गति की ओर ले जाता है ।

60. क्रोध का फल

कोहो पीइं पणासेइ ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 399]

— ***दशवैकालिक*** *8/37*

क्रोध प्रीति का नाश करता है ।

61. विनयनाशक

माणो विणय नासणो ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 399]

— ***दशवैकालिक*** *8/37*

मान विनय का नाश करता है ।

62. मित्रतानाशक

माया मित्ताणि नासेइ ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 399]

— ***दशवैकालिक*** *8/37*

माया मित्रता का नाश करती है ।

63. सर्वनाशक

लोभो सव्व विणासणो ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 399]

— ***दशवैकालिक*** *8/37*

लोभ सभी सद्गुणों का विनाश कर डालता है ।

64. मानजय — प्रक्रिया

माणं मद्दवया जिणे ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 399]

— ***दशवैकालिक*** *8/38*

अभिमान को मृदुता — नम्रता से जीतना चाहिए ।

65. दम्भ-विजय विधि

मायं चऽज्जव भावेण ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 399]

— *दशवैकालिक 8/38*

माया को सरलता से जीतना चाहिए ।

66. क्रोध-विजय

उवसमेण हणे कोहं ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 399]

— *दशवैकालिक 8/38*

क्रोध को शांति से समाप्त करें ।

67. लोभ-विजय

लोभं संतोसओ जिणे ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 399]

— *दशवैकालिक 8/38*

लोभ को सन्तोष से जीतना चाहिए ।

68. दोष-परित्याग

कोहं माणं च मायं च, लोभं च पाववड्ढणं ।
वमे चत्तारि दोसेउ, इच्छंतो हियमप्पणो ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 399]

— *दशवैकालिक 8/36*

क्रोध, मान, माया और लोभ — ये चारों पाप की वृद्धि करनेवाले हैं; अत: आत्मा का हित चाहनेवाला साधक इन दोषों का परित्याग कर दें ।

69. कषाय चतुष्क

कोहो य माणो य अणिग्गहीया,
माया य लोभो य पवड्ढमाणा ।

चत्तारि एए कसिणा कसाया,
सिंचंति मूलाइं पुणब्भवस्स ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 399]

— *दशवैकालिक 8/39*

अनिग्रहीत क्रोध और मान तथा प्रवर्द्धमान माया और लोभ ये चारों संक्लिष्ट कषाय पुन: पुन: जन्म-मरणरूप संसार वृक्ष की जड़ों को सींचते रहते हैं अर्थात् पुनर्जन्म की जड़ें सींचते हैं।

70. उपेक्षा मत करो

अणथोवं वणथोवं, अग्गीथोवं कसायथोवं च ।
न हु भे वीससियव्वं, थोवंपि हु तं बहुं होइ ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 400]

— *आवश्यक निर्युक्ति 120*

ऋण, व्रण (घाव), अग्नि और कषाय — यदि इनका थोड़ा-सा अंश भी है, तो उसकी उपेक्षा नहीं करनी चाहिए। ये अल्प भी समय पर बहुत विस्तृत हो जाते हैं।

71. वीतरागता

कसाय पच्चक्खाणेणं वीयरागभावं जणयइ ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 401]

— *उत्तराध्ययन 29/38*

कषाय-प्रत्याख्यान (त्याग) से जीव वीतराग भाव को प्राप्त होता है। (कषाय — त्याग से वीतरागता प्राप्त होती है।)

72. वीतराग-समभावी

वीयराग भाव पडिवन्ने वियणं जीवे समसुह दुक्खे भवइ ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 401]

— *उत्तराध्ययन 29/38*

वीतराग भाव को प्राप्त हुआ जीव सुख-दु:ख में समभावी हो जाता है।

73. विकथा

जो संजओ पमत्तो, रागद्दोसवसगओ परिकहेइ ।
साउ विकहा पवयणे, पणत्ता धीर पुरिसेहिं ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 402]

— ***दशवैकालिक निर्युक्ति 211***

जो संयमी होते हुए भी प्रमत्त है, और राग-द्वेष के वशवर्ती होकर, जो राजभक्तादि कथा करता है, उसे जिनशासन में 'विकथा' कहा गया है ।

74. कथा

तव संजम गुणधारी, जं चरण रया कहिंति सब्भावं ।
सव्वं जग जीवहियं, सा उ कहा देसिया समए ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 402]

— ***दशवैकालिक निर्युक्ति 210***

तप — संयम आदि गुणों से युक्त मुनि सद्भावपूर्वक सर्व जगजीवों के हित के लिए जो कथन करते हैं; उसे 'कथा' कहा गया है ।

75. ध्यान

चित्तस्सेगग्गया हवइ झाणं ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 407]

— ***आवश्यक निर्युक्ति 5/1477***

किसी एक विषय पर चित्त को स्थिर — एकाग्र करना ध्यान है ।

76. प्रायश्चित्त

पावं छिंदइ जम्हा पायच्छित्तंति भण्णइ तेणं ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 413]
एवं [भाग 5 पृ. 129-135]

— ***पंचाशक सटीक विवरण 16/3***

जिसके द्वारा पाप का छेदन होता है, उसे 'प्रायश्चित्त' कहते हैं ।

77. धर्म-मूल

विणयमूलो धम्मोत्ति ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 418]

— *अंगचूलिका 5 अ.*

विनय धर्म का मूल है।

78. कायोत्सर्ग से विशुद्धि

काउस्सग्गेणं तीय पडुप्पन्नं पायच्छित्तं विसोहेइ ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 428]

— *उत्तराध्ययन 29/1114/14*

कायोत्सर्ग से जीव अतीत और वर्तमान के अतिचारों की विशुद्धि करता है।

79. प्रायश्चित्त से हल्कापन

विशुद्धपायच्छित्ते य जीवे निवुयहियए ओहरिय भरूव्व।
भारवेह पसत्थज्झाणोवगए सुहं सुहेणं विहरइ ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 428]

— *उत्तराध्ययन 29/14*

विशुद्ध प्रायश्चित्त कर यह जीव सिर पर से भार के उतर जाने से एक भारवाहकवत् हल्का होकर सद्ध्यान में रमण करता हुआ सुखपूर्वक विचरता है।

80. काया-नियन्त्रण

संरंभ समारंभे, आरंभे य तहेव य ।
वइं यं (वयं) पवत्तमाणं त्तु, नियंटेज्ज जयं जई ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 449]

— *उत्तराध्ययन 24/23*

यतनाशील यति संरंभ, समारंभ और आरंभ में प्रवृत्त होती हुई वाणी का नियन्त्रण करें।

81. संयमासंयम

गरहा संजमे, नो अगरहा संजमे ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 497]

– *भगवती सूत्र 1/9/21/(6)*

गर्हा (आत्मालोचन) संयम है, अगर्हा संयम नहीं है।

82. आत्मा ही सामायिक

आयाणे अज्जो ! सामाइए,
आयाणे अज्जो ! सामाइयस्स अट्ठे।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 497]
– *भगवतीसूत्र 1/9/21/(4)*

हे आर्य ! आत्मा ही सामायिक (समत्वभाव) है और आत्मा ही सामायिक का अर्थ (विशुद्धि) है।

83. उत्तम पुरुष वैडूर्यरत्नवत्

सुचिरंपि अच्छमाणो, वेरुलिओ कायमणि य ओमीसो।
न उवेइ कायभावं पाहन्न गुणेण नियए ण ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 517-613]
– *ओघनिर्युक्ति 772*

वैडूर्यरत्न काँच की मणियों में कितने ही लम्बे समय तक क्यों न मिला रहे, वह अपने श्रेष्ठ गुणों के कारण रत्न ही रहता है, कभी काँच नहीं होता। (सदाचारी उत्तम पुरुष का जीवन भी ऐसा ही होता है।)

84. संग का रंग

जह नाम महुर सलिलं, सायर सलिलं कमेण संपत्तं।
पावेइ लोणभावं, मेलण दोसाणु भावेणं ॥
एवं खु सीलवंतो, असील वंतेहि मीलिओ संतो।
पावइ गुण परिहाणिं, मेलण दोसाणु भावेणं ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 518]
– *आवश्यक निर्युक्ति 3/1133-1134*

जिस प्रकार मधुर जल, समुद्र के खारे जल के साथ मिलने पर खार हो जाता है, उसी प्रकार सदाचारी पुरुष दुराचारियों के संसर्ग में रहने के कारण दुराचार से दूषित हो जाता है।

85. जिनशासन-मूल

विणओ सासणे मूलं, विणीओ संजओ भवे ।
विणयाओ विप्पमुक्कस्स, कओ धम्मो कओ तवो ?

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 523]
– ***विशेषावश्यक भाष्य*** *3468*

विनय जिनशासन का मूल है। विनीत ही संयमी हो सकता है। जो विनय से हीन है, उसका क्या धर्म और क्या तप ?

86. विनयानुशासन

जम्हा विणयइ कम्मं, अट्ठविहं चाउरंत मोक्खाय ।
तम्हा उ वयंति विओ, विणयंति विलीन संसारा ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 523]
– ***स्थानांगटीका*** *6/531*
एवं आवश्यक निर्युक्ति *867*

जिससे आठ प्रकार के कर्म दूर होते हैं, चारों गतियों एवं संसार का विलय होता है, उसे 'विनय' कहते हैं।

87. नमस्कार आते जाते

जह दूओ रायाणं, णमिउं कज्जं निवेइउं पच्छा ।
वीसज्जिओ वि वंदिय, गच्छइ साहूवि इमेव ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 525]
– ***आवश्यक निर्युक्ति*** *3/1243 (43)*

दूत जिस प्रकार राजा आदि के समक्ष निवेदन करने से पहले भी और पीछे भी नमस्कार करता है, वैसे ही शिष्य को भी गुरुजनों के समक्ष जाते और आते समय नमस्कार करना चाहिए।

88. कर्म-क्षय

साहु खवंति कम्मं, अणेगभवसंचियमणंतं ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 525]
– ***आवश्यक निर्युक्ति*** *3/1244-1431*

श्रमण अनेक भवों के संचित अनन्त कर्मों को क्षय कर देता है।

89. स्वयं कृत दुःख

किं भया पाणा ?....
दुक्ख भया पाणा....दुक्खे केण कडे ?
जीवेणं कडे पमादेण ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 526]

— *स्थानांग 3/3/2/174*

प्राणी किससे भय पाते हैं ? दुःख से। दुःख किसने किया है ? स्वयं आत्माने, अपनी ही भूल से।

90. बाह्य-क्रिया विरोधी

बाह्य भावं पुरस्कृत्य, ये क्रिया व्यवहारतः ।
वदने कवलक्षेपं, विना ते तृप्तिकाङ्क्षिणः ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 551]

— *ज्ञानसार 9/4*

जो दर्शन-पूजन, सेवा, गुरु-भक्ति, तपश्चरण आदि क्रियाओं को बाह्य भाव बताकर व्यावहारिक क्रिया का निषेध करते हैं, वे मुँह में कौर डाले बिना ही भूख की तृप्ति करना चाहते हैं।

91. क्रिया की अपेक्षा

स्वानुकूलां क्रियां काले, ज्ञानपूर्णोऽप्यपेक्षते ।
प्रदीपः स्वप्रकाशोऽपि तैल पूर्त्यादिकं यथा ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 551]

— *ज्ञानसार 9/3*

स्वयं प्रकाशी दीपक भी तेल-पूर्ति और बत्ती आदि क्रिया की अपेक्षा रखते हैं, वैसे ही पूर्ण ज्ञानी को भी स्व अनुकूल क्रिया के योग्य अवसर में क्रिया करनी चाहिए।

92. तिन्नाणं-तारयाणं

ज्ञानी क्रिया परः शान्तो, भावितात्मा जितेन्द्रियः ।
स्वयं तीर्णो भवाम्बोधेः, परांस्तारयितुं क्षमः ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 551]

— *ज्ञानसार 9/1*

सम्यग्ज्ञानी, शुद्ध क्रिया में तत्पर, शांत, भव्यात्मा, जितेन्द्रिय महात्मा इस भव संसार से स्वयं पार उतरते हैं और अन्य भव्य आत्माओं को भी पार लगाने में समर्थ होते हैं ।

93. थोथा ज्ञान निरर्थक

क्रिया विरहितं हन्त ! ज्ञान मात्र मनर्थकम् ।
गतिं बिना पथज्ञोऽपि, नाप्नोति पुरमीप्सितम् ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 551]

— *ज्ञानसार 9/2*

क्रियारहित ज्ञान निरर्थक है । पथ का ज्ञाता भी गमन क्रिया के बिना इच्छित नगर में नहीं पहुँच सकता ।

94. क्रिया की उपादेयता

गुणवृद्धयै ततः कुर्यात् क्रियामस्खलनाय वा ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 552]

— *ज्ञानसार 9/1*

गुण की वृद्धि हेतु और उसमें स्खलन न हो जाये, इसलिए क्रिया करना चाहिए ।

95. क्रिया योग

तपः स्वाध्यायेश्वर प्रणिधानानि क्रिया योगः ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 553]

— *पातंजल योगदर्शन 2/1*

तप, स्वाध्याय तथा ईश्वर प्रणिधान (निष्काम भाव से ईश्वर की भक्ति, तल्लीनता) यह तीन प्रकार का क्रियायोग है अर्थात् कर्मप्रधान योग साधना है ।

96. पठित मूर्ख

शास्त्राण्यधीत्यापि भवन्ति मूर्खाः,
यस्तु क्रियावान् पुरूषः स विद्वान् ।
संचिंत्यतामातुरमौषधं हि,
न ज्ञानमात्रेण करोत्यरोगम् ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 554]
– *हितोपदेश 1/167*

पुरुष शास्त्रों को पढ़कर भी मूर्ख ही रह जाते हैं। वास्तव में जो पुरुष कर्म करता है, वह विद्वान् है। अच्छी तरह से सोचकर की गई औषध के नामोच्चारण मात्र से रोगी का रोग नष्ट नहीं होता है।

97. क्रिया ही फलदायिनी

क्रियैव फलदा पुंसां, न ज्ञानं फलदं मतम् ।
यतः स्त्री-भक्ष्य भोगज्ञो, न ज्ञानात् सुखभाग् भवेत् ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 554]
– *नयोपदेश सटीक 129*

वास्तवमें क्रिया ही फल देने वाली हैं, ज्ञान नहीं; क्योंकि स्त्री, भोजन और भोग का जानकार भी मात्र ज्ञान से सुखी नहीं होता, उसे क्रिया करनी ही पड़ती है।

98. काल दुरतिक्रम

कालः पचति भूतानि, कालः संहरति प्रजाः ।
कालः सुप्तेषु जार्गति, कालोहि दुरतिक्रमः ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 555]
– *चाणक्य नीतिदर्पणः (चाणक्यशास्त्र) 6/1*

काल ही प्राणियों को खाता है। काल ही प्राणियों का संहार करता है। सब सो जाने पर भी वह जागता रहता है। काल का अतिक्रमण करना बड़ा दुष्कर है।

99. ज्ञानपूर्वक आचरण

पढमं नाणं तओ दया ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 556]

— *दशवैकालिक 4/33*

पहले ज्ञान फिर तदनुसार दया अर्थात् आचरण ।

100. अज्ञानी

अन्नाणी किं काही ? किं वा नाहिइ छेय पावगं ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 556]

— *दशवैकालिक 4/33*

अज्ञानी आत्मा क्या करेगा ? वह पुण्य-पाप को कैसे जान पाएगा ?

101. कर्म

ण कम्मुणा कम्म खवेंति बाला ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 557]

— *सूत्रकृतांग 1/12/15*

अज्ञानी मनुष्य कर्म (पापानुष्ठान) से कर्म का नाश नहीं कर पाते ।

102. संतोषी

संतोसिणो णोपकरेंति पावं ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 557]

— *सूत्रकृतांग 1/12/15*

संतोषी साधक कभी कोई पाप नहीं करते ।

103. लोभ-भय मुक्त

मेधाविणो लोभ भयावतीता ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 557]

— *सूत्रकृतांग 1/12/15*

ज्ञानी लोभ और भय से सदा मुक्त होते हैं ।

104. अकर्म से कर्म-क्षय

अकम्मुणा कम्म खवेंति धीरा ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 557]

— *सूत्रकृतांग 1/12/15*

धीर पुरुष अकर्म (पापानुष्ठान के निरोध) से कर्म का क्षय कर देते हैं ।

105. विषयासक्त दुःखी

विसन्ना विसयं गणाहिं,
दुहतो विलोयं अणुसंचरंति ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 557]

— *सूत्रकृतांग 1/12/14*

विषयासक्त आत्माएँ विषयों के कारण से दोनों ही लोक में विविध तरीके से दुःखी होती हैं ।

106. तत्त्वदर्शी

ते आततो पासति सव्वलोए ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 558]

— *सूत्रकृतांग 1/12/18*

तत्त्वदर्शी समग्र प्राणी जगत् को अपनी आत्मा के समान देखता है ।

107. ज्ञानी आत्मा

अलमप्पणो होति अलं परेसिं ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 558]

— *सूत्रकृतांग 1/12/19*

ज्ञानी आत्मा ही 'स्व' और 'पर' के कल्याण में समर्थ होता है ।

108. भवान्तकर्ता

बुद्धा हुते अंतकडा भवंति ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 558]

— *सूत्रकृतांग 1/12/16*

निश्चत रूप से ज्ञानी संसार का अन्त कर देते हैं।

109. अवश्यमेव प्राप्तव्य शुभाशुभ फल

अस्सिं च लोए अदुवा परत्था,
सतग्गसो वा तह अन्नहा वा ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 608]

— *सूत्रकृतांग 1/1/4*

कृत कर्म इस जन्म में अथवा अगले जन्म में जिस तरह भी किए गए हों, वे उसी तरह से अथवा अन्य प्रकार से कर्ता को अपना फल अवश्य देते हैं।

110. जीव कर्मबंधकर्ता-भोक्ता

संसारमावन्न परं परं ते,
बंधंति वेयंति च दुण्णियाइं ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 608]

— *सूत्रकृतांग 1/1/4*

संसार चक्र में परिभ्रमण करता हुआ जीव अपने दुष्कृत्यों के कारण सतत नूतन कर्म बांधता है तथा उसका फल भोगता है।

111. मरण-शरण

बहुकूर कम्मे, जं कुव्वती मिज्जति तेण बाले ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 608]

— *सूत्रकृतांग 1/1/3*

अति क्रूर कर्मा अज्ञानी जीव बार-बार जन्म लेकर जो कर्म करता है, उसीसे मरण-शरण हो जाता है।

112. स्वकर्म फल

सक्कम्मुणा विप्परियासुवेति ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 610]

– *सूत्रकृतांग 1/1/11*

प्रत्येक प्राणी अपने ही कृत-कर्मों से दुःख पाता है।

113. व्यर्थ क्या ?

लवण विहुणा य रसा, चक्खुविहुणा य इंदियग्गामा।
धम्मोदयाए रहिओ, सोक्खं संतोसरहियं तो ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 610]

– *सूत्रकृतांग सूत्र सटीक । श्रुत. 7 अध्ययन*

बिना नमक का भोजन, नयन बिना का चक्षुरिन्द्रिय का विषय, दया बिना का धर्म और सन्तोष बिना का सुख किस काम का ?

114. संसार-ज्वर

एगंत दुक्खे जरि ते व लोए।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 610]

– *सूत्रकृतांग 1/1/11*

यह संसार ज्वर के समान एकान्त दुःख रूप है।

115. मृत्यु-विभीषिका

गब्भाइ मिज्जंति बुयाऽबुयाणा,
पारा परे पंचसिहा कुमारा।
जुवाणगा मज्झिम–थेरगा य,
चयंति ते आउक्खए पलीणा ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 610]

– *सूत्रकृतांग 1/1/10*

कितने ही प्राणी गर्भावस्था में, कितने ही दूध पीते शिशु अवस्था में, तो कितने ही पंचशिख कुमारों की अवस्था में मर जाते हैं। फिर कितने ही युवा होकर तो कई प्रौढ़ होकर और कई वृद्ध होकर चल बसे हैं। इसप्रकार आयुष्य क्षय होते ही मनुष्य अपनी देह छोड़ देते हैं।

116. देह-त्याग

चयंति ते आउक्खए पलीणा।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 610]

— *सूत्रकृतांग 1/1/10*

आयुष्य क्षय होने पर जीव अपनी देह छोड़ देता है।

117. पाप-परिणाम

थणंति लुप्पंति तसंति कम्मी ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 611]

— *सूत्रकृतांग 1/1/20*

जो आत्मा पापकर्म का उपार्जन करती है, उन्हें रोना पड़ता है, दुःख भोगना पड़ता है और भयभीत होना पड़ता है।

118. श्रमणत्व से दूर

कुलाइं जे धावति साउगाइं, अहाऽऽहुसे सामणियस्स दूरे।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 611]

— *सूत्रकृतांग 1/1/23*

जो साधक स्वादिष्ट भोजनवाले घरों में दौड़ता है, वह श्रमणभाव से दूर है। ऐसा तीर्थंकरोंने कहा है।

119. अनासक्त

सद्देहिं रूवेहिं अ सज्जमाणे ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 612]

— *सूत्रकृतांग 1/1/27*

साधु, शब्द और रूप में आसक्त न बने।

120. श्रमण

सव्वेहिं कामेहिं विणीय गेहिं ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 612]

— *सूत्रकृतांग 1/1/27*

मुनि सर्व कामनाओं से अपने चित्त को हटाकर शुद्ध संयम का पालन करें।

121. अज्ञात-पिंड

अण्णात पिंडेणऽधियासएज्जा ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 612]

— *सूत्रकृतांग 1/1/27*

संयमी साधक अज्ञात पिण्ड (अपरिचित घरों से लाए हुए भिक्षान्न) से अपने जीवन का निर्वाह करें ।

122. आहार क्यों ?

भारस्स जाता मुणि भुञ्जएज्जा ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 612]

— *सूत्रकृतांग 1/1/29*

मुनि संयम भार के निर्वाह करने के लिए ही आहार करें ।

123. अनाकूल अभयंकर, भिक्षु

अभयंकरे भिक्खू अणाविलप्पा ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 612]

— *सूत्रकृतांग 1/1/28*

विषय-कषायों से अनाकूल भिक्षु अभयदान देता रहे ।

124. मन पर संयम

दुक्खेण पुट्ठे धुयमातिएज्जा ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 613]

— *सूत्रकृतांग 1/1/29*

नीतिवान् कष्टों के आने पर भी मन पर संयम रखें ।

125. निष्प्रपञ्ची साधक

णिद्धुयकम्मं ण पवञ्चुवेति, अक्खक्खए वा सगंडतिबेमि ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 613]

— *सूत्रकृतांग 1/1/30*

कर्मक्षय करनेवाला मुनि उसी प्रकार संसार-प्रपञ्च में नहीं पड़ता, जिस प्रकार धुरा टूटने पर गाड़ी आगे नहीं बढ़ती ।

126. श्रमण, रागद्वेष रहित

अविहम्ममाणे फलगावतट्ठी,
समागमं कंखति अंतगस्स ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 613]
— *सूत्रकृतांग 1/1/30*

हनन किया जाता हुआ मुनि छिली जाती हुई लकड़ी की भाँति राग द्वेष रहित होता है । वह शान्त भाव से मृत्यु की प्रतीक्षा करता है ।

127. इन्द्रिय-दमन

संगाम सीसेव परं दमेज्जा ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 613]
— *सूत्रकृतांग 1/1/29*

जैसे योद्धा संग्राम के शीर्ष-मोर्चे पर डटा रहकर शत्रु-योद्धा का दमन करता है वैसे ही कर्म-शत्रुओं के साथ युद्ध में डटे रहकर उनका दमन करो ।

128. क्रोधजित्

कोहं विजएणं खंतिं जणयइ ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 686]
— *उत्तराध्ययन 29/69*

क्रोध को जीतने से जीव को क्षमा गुण की प्राप्ति होती है ।

129. क्षमा-फल

खंतीएणं परीसहे जिणइ ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 692]
— *उत्तराध्ययन 29/48*

क्षमा करने से जीव परिषहों को जीत लेता है ।

130. वर्तमान महान्

इणमेव खणं वियाणिया ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 703]

— *सूत्रकृतांग 1/2/3/19*

जो क्षण वर्तमान में उपस्थित है, वही महत्त्वपूर्ण है; उसे जानना चाहिए अर्थात् सफल बनाना चाहिए।

131. सम्यक्त्व-दुर्लभ

णो सुलभं बोहिं च आहितं।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 703]

— *सूत्रकृतांग 1/2/3/19*

सम्यग्ज्ञान-दर्शन रूप बोधि का मिलना सुलभ नहीं है।

132. क्षमापना

खमावणायाए णं पल्हायण भावं जणयइ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 715]

— *उत्तराध्ययन 29/19*

अपराध की क्षमा मांगने से चित्त आल्हादित होता है अर्थात् क्षमापना से आत्मा में प्रसन्नता की अनुभूति होती है।

133. अल्पतुष्ट

थोवं लद्धुं न खिंसए।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 739]
एवं [भाग 5 पृ. 1608

— *आचारांग 1/2/4/85*

थोड़ा मिलने पर झुंझलाए नहीं।

134. क्षुधा सहिष्णु

हविज्ज उयरे दंते।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 739]

— *दशवैकालिक 8/29*

श्रमण भूख का दमन करनेवाला होता है। थोड़ा आहार मिलने पर भी वह कभी क्रोध नहीं करता।

135. अज्ञानी दुःख भाजन

जावन्तिऽविज्जा पुरिसा, सव्वे ते दुक्ख सम्भवा ।

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 3 पृ. 750]

– *उत्तराध्ययन 6/1*

जितने भी अज्ञानी पुरुष हैं, वे सब दुःख के पात्र हैं ।

136. सत्यान्वेषण

अप्पणा सच्चेमेसिज्जा ।

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 3 पृ. 750]

– *उत्तराध्ययन 6/2*

अपनी आत्मा के द्वारा सत्य का अनुसंधान करो ।

137. मित्रता

मेत्तिं भूएसु कप्पए ।

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 3 पृ. 750]

– *उत्तराध्ययन 6/2*

सभी जीवों पर मैत्री भाव रखो ।

138. जन्म-मरण चक्र

लुप्पन्ति बहुसो मूढा, संसारम्मि अणंतए ।

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 3 पृ. 750]

– *उत्तराध्ययन 6/1*

मूर्ख प्राणी इस अनंत संसार में बार-बार लुप्त होते रहते हैं अर्थात् जन्म-मरण करते रहते हैं ।

139. अशरण भावना

माया पियाण्हुसा भाया, भज्जा पुत्ता य ओरसा ।
नालं ते मम ताणाय, लुप्पन्तस्स सकम्मुणा ॥

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 3 पृ. 750]

– *उत्तराध्ययन 6/3*

विवेकी पुरुष सोचे — माता-पिता, पुत्रवधु, भाई, भार्या तथा सुपुत्र इनमें से कोई भी अपने कर्मो से दुःख पाते हुए मेरी रक्षा करने में समर्थ नहीं हैं ।

140. अहिंसा-पालन

न हणे पाणिणो पाणे ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 751]

— *उत्तराध्ययन 6/6*

किसी भी जीव की हिंसा नहीं करें ।

141. न भाषा न पांडित्यं

न चित्ता तायए भासा, कुओ विज्जाणुसासणं ?

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 751]

— *उत्तराध्ययन 6/10*

विभिन्न भाषाओं का पांडित्य मनुष्य को दुर्गति से नहीं बचा सकता, तो भला विद्याओं का अनुशासन (अध्ययन) किसीको कहाँ से बचा सकेगा ?

142. वचनवीर

भणंता अकरेन्ता य, बंध मोक्ख पइन्निणो ।
वाया वीरिय मेत्तेणं, समासासेन्ति अप्पयं ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 751]

— *उत्तराध्ययन 6/9*

जो सिर्फ बातें करते हैं, करते कुछ नहीं, वे बन्धन और मुक्ति की बातें करनेवाले दार्शनिक वाणी के बल पर ही अपने आपको आश्वस्त किए रहते हैं ।

143. सम्यग्दर्शी

छिंद गिद्धिं सिणेहं च ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 751]

— *उत्तराध्ययन 6/4*

सम्यग्दर्शी आसक्ति तथा स्नेह को दूर करे ।

144. कर्मपीड़ित जीव

पच्चमाणस्स कम्मेहिं, नालं दुक्खाओ मोअणे ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 751]

— ***उत्तराध्ययन 6/6***

कर्मों से पीड़ित प्राणी को दुःखों से छुड़ाने में कोई भी समर्थ नहीं है ।

145. भय-वैर से दूर

भय-वेराओ उवरए ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 751]

— ***उत्तराध्ययन 6/6***

भय और वैर से दूर रहो ।

146. अचौर्य

नाइएज्ज तणामवि ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 751]

— ***उत्तराध्ययन 6/7***

बिना आज्ञा के किसी का तृण मात्र भी नहीं लेवे ।

147. आचरण जीवन में अपनाओ

आयरियं विदित्ताणं, सव्वदुक्खा विमुच्चई ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 751]

— ***उत्तराध्ययन 6/8***

कुछ लोगों की मान्यता है कि आचार को जानने मात्र से ही मनुष्य सभी दुःखों से मुक्त हो सकता है ।

148. अज्ञानी-दुःखी

जे केइ सरीरे सत्ता, वन्ने रूवे य सव्वसो ।
मणसा काय वक्केणं, सव्वे ते दुक्ख संभवा ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 751]

— *उत्तराध्ययन 6/11*

जो अज्ञानी शरीर में, वर्ण में, रूप-लावण्य में, मन-वचन-काया से आसक्त हैं, वे सभी अपने लिए दु:ख उत्पन्न करते हैं।

149. बंध-मोक्ष-हेतु

मन एव मनुष्याणां कारणं बंधमोक्षयोः ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 751]

— *ब्रह्मबिन्दूपनिषद-२*

बंध और मुक्ति का कारण मानव-मन ही है।

150. शरीर रक्षा क्यों ?

पुव्वकम्मरवयट्ठाए, इमं देहं समुद्धरे ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 752]

— *उत्तराध्ययन 6/13*

पूर्वकृत कर्मों को नष्ट करने के लिए इस देह की सार-संभाल रखनी चाहिए।

151. संग्रह निरपेक्ष

पक्खी पत्तं समादाया, निरवेक्खो परिव्वए ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ 752]

— *उत्तराध्ययन 6/15*

संयमी मुनि पक्षी की भाँति कल की अपेक्षा न रखता हुआ पात्र लेकर भिक्षा के लिए परिभ्रमण करें।

152. असंग्रही मुनि

संनिहिं च न कुव्वेज्जा, लेवमायाए संजए ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 752]

— *उत्तराध्ययन 6/15*

संयमी मुनि लेप लगे उतना भी संग्रह न करे, बासी न रखे।

153. अप्रमत्त

अप्पमत्तो परिव्वए ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 752]

— *उत्तराध्ययन 6/12*

अप्रमत्त होकर विचरण करे ।

154. उर्ध्वलक्ष्य

बहिया उड्ढमादाया नावकंखे कयाइवि ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 752]

— *उत्तराध्ययन 6/13*

महत्त्वाकांक्षी उच्च स्थिति प्राप्त करके फिर कभी भी भोगों की आकांक्षा नहीं करे ।

155. मिताहारी साधक

मायन्ने असण-पाणस्स ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 755]

— *उत्तराध्ययन 2/5*

साधक को खाने-पीने की मात्रा — मर्यादा का ज्ञाता होना चाहिए ।

156. अदीनता

अदीण मणसो चरे ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 755]

— *उत्तराध्ययन 2/5*

संसार में अदीनभाव से रहना चाहिए ।

157. अर्थमहत्ता

अत्थेण य वंजिज्जइ, सुतं तम्हा उ सो बलवं ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 767]

— *व्यवहारभाष्य पीठिका 4/101*

सूत्र (मूल शब्दपाठ), अर्थ (व्याख्या) से ही व्यक्त होता है; अत: अर्थ सूत्र से भी बलवान् (महत्त्वपूर्ण) है ।

158. जितने नय, उतने मत

जावइया नयवाया, तावइया चेव होंति परसमया ।
जावइया परसमया, तावइया चेव मिच्छत्ता ॥

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 3 पृ. 794]

– *सन्मति तर्क 3/47*

जितने भी नयवाद हैं, संसार में उतने ही परसमय हैं, अर्थात् मतमतान्तर हैं और जितने ही परसमय – मतमतान्तर हैं; उतने ही मिथ्यादृष्टि हैं ।

159. उपयोगिता

सीहं पालेइ गुहा, अवि हाडं तेण सा महिड्ढीया ।
तस्स पुण जोव्वणम्मी, पओअणं किं गिरि गुहाए ॥

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 3 पृ. 804]

– *बृहदावश्यक भाष्य 2114*

गुफा बचपन में सिंह-शिशु की रक्षा करती है, अत: तभी तक उसकी उपयोगिता है । जब सिंह तरुण हो गया तो फिर उसके लिए गुफा का क्या प्रयोजन है ?

160. जयति शासनम्

रज्जं विलुत्त सारं, जह जह गच्छो वि निस्सारो ।

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 3 पृ. 806]

– *बृहदावश्यक भाष्य 937*

जैसे राजा के द्वारा ठीक तरह से देखभाल किए बिना राज्य-ऐश्वर्य हीन हो जाता है, वैसे ही आचार्य के द्वारा ठीक तरह से संभाल किए बिना संघ भी श्री हीन हो जाता है ।

161. देश कालज्ञ !

सुह साहगं पि कज्जं, करण विहूण गणुवाय संजुत्तं ।
अन्नाय देसकाले, विवत्तिमुव जाति सेहस्स ॥

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 3 पृ. 807]

— *निशीथ भाष्य 4803*

— *बृहदावश्यक भाष्य 931*

देश, काल एवं कार्य को बिना समझे समुचित प्रयत्न एवं उपाय से हीन किया जानेवाला कार्य, सुख-साध्य होने पर भी सिद्ध नहीं होता है।

162. मत बढ़ने दो !

नक्खेणावि हु छिज्जइ, पासाए अभिनवुट्ठितो रुक्खो ।
दुच्छेज्जो वड्ढंतो, सोच्चिय वत्थुस्स भेदाय ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 807]

— *निशीथ भाष्य 4804*

— *बृहदावश्यक 945*

प्रासाद की दीवार में फूटनेवाला नया वृक्षांकुर प्रारंभ में नाखून से भी उखाड़ा जा सकता है, किन्तु वही बढ़ते-बढ़ते एक दिन कुल्हाड़ी से भी दुच्छेद्य हो जाता है; और अन्ततः प्रासाद को ध्वस्त कर डालता है।

163. कार्यसिद्धि

सम्पत्ती य विपत्ती य, होज्ज कज्जेसु कारगं पाप ।
अणुवायतो विपत्ती, संपत्ती कालुवाएहिं ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 808]

— *निशीथ भाष्य 4808*

— *बृहदावश्यक भाष्य 949*

कार्य करनेवाले को लेकर ही कार्य की सिद्धि या असिद्धि फलित होती है। समय पर ठीक तरह से करने पर कार्य सिद्ध होता है और समय बीत जाने पर या विपरीत साधन से कार्य नष्ट हो जाता है।

164. मोहदर्शी-गर्भदर्शी

जे मोहदंसी से गब्भदंसी,
जे गब्भदंसी से जम्मदंसी ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 840]

— *आचारांग 1/3/4/130*

जो मोहदर्शी होता है वह गर्भदर्शी होता है और जो गर्भदर्शी होता है वह जन्मदर्शी होता है (जो मोहनीय कर्म के विवश होकर के सब जगह मोहित होता है, वह गर्भ-जन्म को देखता है और जो गर्भदर्शी होता है; वही संसार में जन्म लेता है) ।

165. स्तुति-फल

चउवीसत्थएणं दंसणविसोहिं जणयइ ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 849]

— *उत्तराध्ययन 29/11*

चौवीस तीर्थंकरों की स्तुति करने से आत्मा सम्यग्दर्शन की विशुद्धि करता है ।

166. दुर्विनीत

पुरिसम्मि दुव्विणीए, विणय विहाणं न किंचि आइक्खे ।
नवि दिज्जइ आभरणं, पलियत्तियकन्न हत्थस्स ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 855]

— *निशीथ भाष्य 6221*

जो व्यक्ति दुर्विनीत है, उसे सदाचार की शिक्षा नहीं देना चाहिए । भला जिसके हाथ-पैर कटे हुए हैं, उसे कंकण और कुण्डलादि अलंकार क्या दिए ज़ायँ ?

167. ज्ञानमद

महवकरणं नाणं तेणेव उजे मदं समुवहंति ।
ऊणग भायण सरिसा, अगदो वि विसायते तेसिं ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 855]

— *निशीथ भाष्य 6222*

— *बृहदावश्यक भाष्य 783*

ज्ञान मानव को मृदु बनाता है, किंतु कुछ मनुष्य उससे भी मदोद्धत होकर 'अधजलगगरी' की भाँति छलकने लग जाते हैं, उन्हें अमृत स्वरूप औषधि भी विष बन जाती है ।

168. ज्ञान से मृदु

महव करणं नाणं ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 855]

— *निशीथ भाष्य 6222*

— *बृहदावश्यक भाष्य 783*

ज्ञान मनुष्य को मृदु (कोमल) बनाता है ।

169. अनुकम्पनीय

बाला य बुड्ढा य अजंगमा य,
लोगे वि एते अणुकंपणिज्जा ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 857]

— *बृहदावश्यक भाष्य 4342*

बालक, वृद्ध और अपंग व्यक्ति, विशेष अनुकंपा (दया) के योग्य होते हैं ।

170. घट छिद्र

न य मूल विभिन्नए थडे, जलमादीणिं धरेइ कत्थइ ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 859]

— *बृहत्कल्प भाष्य 4363*

जिस घड़े के पेंदे में छेद हो गया हो, उसमें जल आदि कैसे टिक सकते हैं ?

171. चातुर्मासिक प्रायश्चित्त

सोऊण ऊ गिलाणं, पंथे गामे य भिक्खवेलाए ।
जइ तुरियं नागच्छइ, लग्गइ गुरूए स चउमासे ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 877]

— *निशीथ भाष्य 2970*

— *बृहदावश्यक भाष्य 3769*

विहार करते हुए, गाँव रहते हुए, भिक्षाचर्या करते हुए यदि सुन ले कि कोई साधु-साध्वी बीमार है, तो शीघ्र ही वहाँ पहुँचना चाहिए । जो साधु शीघ्र नहीं पहुँचता है, उसे गुरु चातुर्मासिक प्रायश्चित्त आता है ।

172 सहज सेवा

जह भमर महुयरिगणा, निवतंती कुसुमियम्मि चूयवणे ।
इय होइ निवइ अव्वं, गेल को कइवय जढेणं ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 877]
— ***निशीथ भाष्य 2971***

जिस प्रकार कुसुमित उद्यान को देखकर भौंरे उस पर मंडराने लग जाते हैं उसी प्रकार किसी साथी को दु:खी देखकर उसकी सेवा के लिए अन्य साथियों को सहज भाव से उमड़ पड़ना चाहिए ।

173. रोगी परिचर्या

कुज्जा भिक्खू गिलाणस्स, अगिलाए समाहिए ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 894]
एवं [भाग 5 पृ. 547]
— ***सूत्रकृतांग 1/3/3/13***

भिक्षु प्रसन्न व शान्त भाव से अपने रुग्ण साथी की परिचर्या करें ।

174. धर्म-बीज

दु:खितेषु दयाऽत्यन्तमद्वेषो गुणवत्सु च ।
औचित्यासेवनं चैव, सर्वत्रैवाविशेषत: ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 899]
एवं [भाग 4 पृ. 2731]
— ***योगदृष्टि समुच्चय 32***
— ***एवं धर्मबिन्दु 2/1/46***

दु:खी प्राणियों के प्रति अत्यन्त दयाभाव, गुणीजनों के प्रति अद्वेष तथा सर्वत्र जहाँ जैसा उचित हो, बिना किसी भेद-भाव के व्यवहार करना, सेवा करना; ये धर्म के बीज हैं ।

175. प्रशंसनीय हैं सत्पुरूष

वपनं धर्मबीजस्य, सत्प्रशंसादि तद्गतम् ।
तच्चिन्ताद्यङ्कुरादि स्यात्, फलसिद्धिस्तु निर्वृत्ति: ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 899]
एवं [भाग 4 पृ. 2731]
— *धर्मबिन्दु 2/7/47*

सत्पुरुषों की प्रशंसा करना यह धर्म बीज का आरोपण है। धर्मचिन्तन आदि उसके अंकुर समान है और निर्वृत्ति या मोक्ष उसकी फलसिद्धि के समान है।

176. गीतार्थवचनः अमृतरसायण

गीअत्थस्स वयणेणं, विसं हलाहलं पिबे।
अविकप्पो अ भक्खिज्जा, तक्खणे जं समुद्दवे॥
परमत्थओ विसं नो तं, अमयरसायणं खुतं।
निव्विग्घं जं न तं मारे, मओऽिव अमयस्समो॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 902]
— *गच्छाचारपयन्ना 2/44-45*

गीतार्थ पुरुष के वचन से बुद्धिमान् व्यक्ति तुरन्त मृत्यु के घाट उतारनेवाला हलाहल तालपुट विष भी निःशंक होकर पी लेता है और वैसा पदार्थ भी खा लेता है, क्योंकि परमार्थतः तो वह जहर, जहर नहीं, परन्तु निर्विघ्नकारी अमृततुल्य रसायन ही होता है। कारण कि वह विषभक्षण करनेवाले को मारता नहीं है और कदाचित् मर जाय तो भी वह अमर ही माना जाता है।

177. साधक-आचरण

णय किंचि अणुन्नायं, पडिसिद्धं वावि जिणवरिंदेहिं।
तित्थगराणं आणा, कज्जे सच्चेण होअव्वं॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 903]
एवं [भाग 7 पृ. 947]
— *निशीथ भाष्य 5248*
— *बृहदावश्यक भाष्य 3330*

जिनेश्वरदेव ने न किसी कार्य की एकान्त अनुज्ञा दी है और न एकान्त निषेध ही किया है। उनकी आज्ञा यही है कि साधक जो भी करे वह सच्चाई—प्रामाणिकता के साथ करे।

178. मोक्ष-साधना

दोसा जेण निरुंभं, – ति जेण खिज्जंति पुव्व कम्माइं ।
सेसो मोक्खोवाओ, रोगावत्थासु समणं वा ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 903]
एवं [भाग 7 पृ. 947]
– *निशीथ भाष्य 5250*
– *बृहदावश्यक भाष्य 3331*

जिस किसी भी अनुष्ठान से रागादि दोषों का निरोध होता हो तथा पूर्व संचित कर्म क्षीण होते हों, वे सब अनुष्ठान मोक्ष के साधक हैं। जैसेकि रोग को शमन करनेवाला प्रत्येक अनुष्ठान चिकित्सा के रूप में आरोग्यप्रद है।

179. गुणनाशक

चउहिं ठाणेहिं संते गुणे नासेज्जा ।
तं जहा-कोधेणं, पडिनिवेसेणं,
अकयण्णुताए मिच्छत्ताहि निवेसेणं ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 906]
– *स्थानांग 4/4/4/370*

क्रोध, ईर्ष्या–डाह, अकृतज्ञता और मिथ्या आग्रह – इन चार दुर्गुणों के कारण मनुष्य के विद्यमान गुण भी नष्ट हो जाते हैं।

180. दुर्जन दुष्टता

शाठ्यं (जाड्यं) ह्रीमती गण्यते व्रतरुचौ दम्भः शुचौ कैतवम् ।
शूरे निर्घृणता मुनौ (ऋजौ) विमतिता दैन्यं प्रियाभाषिणि ॥
तेजस्विन्यवलिप्तता मुखरता वक्तर्यशक्तिः स्थिरे ।
तत्को नाम गुणो भवेत् स विदुषां (गुणिनां) यो दुर्जनैर्नाङ्कितः ?॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 907]
– *नीतिशतक 54*

दुष्ट लोग लज्जाशील को बुद्धू, व्रत में रुचि रखनेवाले को दम्भी, पवित्र पुरुष को कपटी, शूरवीर को दयाहीन, ऋजु (मुनि) को विपरीत बुद्धि (चुप रहनेवाले को निर्बुद्धि), मधुरभाषी को दीन, तेजस्वी को घमण्डी, सुवक्ता को बड़बड़ानेवाला और धीर गंभीर, शान्त पुरुष को असमर्थ कहते हैं। विद्वानों का या गुणवानों का कौन-सा गुण है, जिसे दुष्टों ने कलंकित न किया हो ?

181. संसार-आवर्त

जे गुणे से आवट्टे, जे आवट्टे से गुणे ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 908]

— *आचारांग 1/1/5/41*

जो विषय है वह आवर्त है और जो आवर्त है वह विषय है ।

182. इन्द्रिय-विषय

जे गुणे से मूलट्ठाणे, जे मूलट्ठाणे से गुणे ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 908] एवं [भाग 6 पृ. 725]

— *आचारांग 1/2/1/62*

जो गुण अर्थात् विषय है, वह मूल स्थान अर्थात् संसार है और जो मूल स्थान (संसार) है, वह गुण (विषय) है ।

183. जीव का लक्षण

नाणं च दंसणं चेव चरित्तं च तवो तहा ।
वीरियं उवओगो य, एयं जीवस्स लक्खणं ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 912]

— *उत्तराध्ययन 28/11*

ज्ञान, दर्शन, चारित्र, तप, वीर्य और उपयोग — ये सब जीव के लक्षण हैं ।

184. लक्षण सर्वोत्तम मानवता के

माणुस्सं उत्तमो धम्मो, गुरु नाणाइ संजुओ ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 924]

— *धर्मरत्नप्रकरण 1 अधि. पृ. 40*

महान्-ज्ञानादि गुणों से सम्पन्न व धर्म से युक्त मानवता सर्वोत्तम मानी गयी है।

185. लक्ष्मी-निवास

गुरवो यत्र पूज्यन्ते, यत्र धान्यं सुसंस्कृतम् ।
अदन्त कलहो यत्र, तत्र शक्र ! वसाम्यहम् ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 936]
— *सूत्रकृतांगसूत्र सटीक 1/3/2*

इन्द्र के प्रति लक्ष्मी की उक्ति है — जहाँ गुरुजनों की पूजा होती है, जहाँ पर धान्य सुसंस्कृत होता है और जहाँ पर दूधमुँहे बच्चे खेलते-कूदते हो अर्थात् जहाँ दन्तकलह नहीं होता है; वहाँ पर मैं निवास करती हूँ।

186. ज्ञानार्थी शिष्य

चित्तण्णु अनुकूलो, सीसो सम्मं सुयं लहइ ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 936]
— *विशेषावश्यक भाष्य 937*

गुरु के चित्त (अभिप्राय) को समझकर उनके अनुकूल चलनेवाला शिष्य सम्यक् प्रकार से ज्ञान प्राप्त करता है।

187. धन्य अन्तेवासी !

णाणस्स होइ भागी, थिरयरओ दंसणे चरित्ते य ।
धन्ना आवकहाए, गुरु कुलवासं ण मुंचंति ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 938-940]
— *धर्मबिन्दु 5/3 (1)*
एवं धर्मसंग्रह 5/3[154] पृ. 300

जो शिष्य मृत्यु पर्यन्त गुरु के साथ रहते हैं, वे धन्य पुरुष ज्ञान प्राप्त करते हैं तथा दर्शन व चारित्र में भी पूर्णत: स्थिर होते हैं।

188. पूजा-भक्ति

लज्जा दया संजम बंभचेरं,
कल्लाण भागिस्स विसोहि ठाणं ।

जे मे गुरु सयय मणुसासयंति,
ते हं गुरु सययं पूययामि ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 940]

— *दशवैकालिक 9/1/13*

लज्जा, दया, संयम और ब्रह्मचर्य — ये चारों कल्याणभाजन के लिए विरोधि स्थल है। वह (शिष्य) मानता है कि जो गुरु मुझे इनकी सतत शिक्षा देते हैं; मैं सतत उनकी पूजा-भक्ति करता हूँ।

189. गुरु-भक्ति-स्वरूप

अभ्युत्थानं तदालोकेऽभियानं च तदागमे ।
शिरस्यञ्जलि संश्लेषः स्वयमासन ढौकनम् ॥
आसनाभिग्रहो भक्त्या वन्दना पर्युपासना ।
तद्यानेऽनुगमश्चेति प्रतिपत्तिरियं गुरोः ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 943]

— *योगशास्त्र 125-126*

गुरु को देखते ही खड़े हो जाना, आने पर सामने जाना, दूर से ही मस्तक पर अञ्जलि जोड़ना, बैठने के लिए स्वयं आसन प्रदान करना, गुरु के बैठ जाने के बाद बैठना, भक्तिपूर्वक वंदना और उपासना करना, उनके गमन करने पर कुछ दूर तक अनुगमन करना, यह सब गुरु की भक्ति है।

190. गुर्वाज्ञा भंग

गुरु आणभंगम्मि सव्वेऽणत्था जओ भणितं ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 944]

— *पञ्चाशक सटीक 5 विव.*

जैसाकि कहा गया है — गुर्वाज्ञा भंग करने पर सारे अनर्थ होते हैं अर्थात् गुर्वाज्ञा - भंग करना सारे अनर्थों की जड़ है।

191. दुरातिदूर शिष्य

गुरूमूले वि वसंता, अनुकूला जे न होंति उ गुरुणं ।
एएसि तु पयाणं, दूरं दूरेण ते होंति ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 944]

— *आवश्यक निर्युक्ति भाष्य 1287*

जो गुरु के अति निकट रहकर भी उनके अनुकूल नहीं चलता है, वह पास रहकर भी दूरातिदूर है।

192. गुरु साक्षी

गुरु सक्खिओ हु धम्मो ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 945]

— *धर्मसंग्रह 2 अधिकार*

गुरु साक्षी ही धर्म है।

193. गुरु-वचन है औषधि

जो गिण्हइ गुरूवयणं भण्णंतं भावओ विसुद्धमणो ।
ओसहमिव पिज्जं तं, तं तस्स सुहावहं होइ ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 945]

— *उपदेशमाला 96*
एवं महानिशीथ 5/12

गुरु द्वारा कहे जानेवाले वचनों को, जो भावपूर्वक प्रसन्नचित्त से ग्रहण करता है वह उसके लिए वैसे ही सुखावह होता है जैसे कि रोगी के औषधि पीने पर वह उसके लिए सुखप्रद होती है।

194. प्रज्ञा

पण्णा समिक्खए धम्मं ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 961]

— *उत्तराध्ययन 23/25*

स्वयं की प्रज्ञा से धर्मतत्त्व की समीक्षा करनी चाहिए।

195. इति वृत्त प्रमाण

मज्झिमा उज्जु पन्ना उ ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 961]

— *उत्तराध्ययन 23/26*

दूसरे तीर्थंकर से लगाकर तेइसवें तीर्थंकर के शासनकाल तक की जनता ऋजु — सरल और प्राज्ञ — बुद्धिशालिनी थी।

196. एक ऐतिहासिक सत्य

पुरिमा उज्जु जडाउ वक्क जडाय पच्छिमा।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 961]

— *उत्तराध्ययन 23/26*

प्रथम तीर्थंकर के युग में जनता सरल और जड़ थी, जबकि अन्तिम तीर्थंकर के युग में जनता वक्र और जड़ है।

197. धर्म प्रतीक

पच्चयत्थं च लोगस्स नाणविहविगप्पणं।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 962]

— *उत्तराध्ययन 23/32*

धर्मों के वेष आदि के नाना विकल्प जनसाधारण के परिचय-पहचान के लिए है।

198. मन के जीते जीत

एगे जिए जिया पंच, पंचे जिए जिया दस।
दसहा उ जिणि ताणं, सव्वसत्तू जिणामिहं॥ ?

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 962]

— *उत्तराध्ययन 23/36*

एक मन को जीत लेने पर पाँचों इन्द्रियों पर विजय हो सकती है और पाँचों इन्द्रियों पर विजय कर लेने के बाद पाँचों प्रमाद और पाँचों अव्रतों पर (दसों पर) विजय पा सकते हैं और इन दसों पर विजय पा लेने के पश्चात् अपने अन्तर की दुनिया के तमाम शत्रुओं पर विजय हो जाती है।

199. विज्ञान और धर्म

विन्नाणेणं समागम्म, धम्मसाहणमिच्छियं।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 962]

— *उत्तराध्ययन 23/31*

विज्ञान (विवेक ज्ञान) से ही धर्म के साधनों का निर्णय होता है।

200. अपराजेय शत्रु

एगऽप्पा अजिए सत्तु ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 963]

— ***उत्तराध्ययन 23/38***

स्वयं की असंयत आत्मा ही स्वयं का एक शत्रु है।

201. स्नेह-पाश

रागद्दोसादओ तिव्वा, नेह पासा भयंकरा ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 963]

— ***उत्तराध्ययन 23/43***

तीव्र राग-द्वेष, मोह, धन-धान्य, पुत्र-कलत्र आदि के स्नेह रूपी पाश बड़े भयंकर होते हैं।

202. विषवल्ली

भवतण्हा लया वुत्ता, भीमा भीम फलोदया ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 963]

— ***उत्तराध्ययन 23/48***

संसार की तृष्णा भयंकर फल देनेवाली विष-बेल है।

203. कषायाग्नि

कसाया अग्गिणो वुत्ता, सुयसील तवो जलं ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 964]

— ***उत्तराध्ययन 23/53***

कषाय (क्रोध, मान, माया और लोभ) को अग्नि कहा गया है। उसे बुझाने के लिए श्रुत (ज्ञान), शील, सदाचार और तप जल है।

204. ज्ञानांकुश

पहावंतं निगिण्हामि, सुयरस्सी समाहियं ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 964]

— ***उत्तराध्ययन 23/56***

उन्मार्ग की ओर जाते हुए उस मन रूपी दुष्ट घोड़े को श्रुतज्ञान रूपी लगाम से बाँधकर मैं वश कर लेता हूँ।

205. मन-अश्व

मणो साहसिओ भीमो, दुट्ठस्सो परिधावई ।
तं सम्मं निगिण्हामि, धम्म सिक्खाए कंथगं ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 964]
— *उत्तराध्ययन 23/58*

यह मन बड़ा ही साहसिक, भयंकर दुष्ट घोड़ा है, जो बड़ी तेजी के साथ दौड़ता रहता है। मैं धर्म शिक्षा रूप लगाम से उस घोड़े को अच्छी तरह वश में किए रहता हूँ।

206. सम्यक् श्रद्धालु

सम्मग्गं तु जिणक्खायं, एस मग्गे हि उत्तमे ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 964]
— *उत्तराध्ययन 23/63*

जिनेश्वरों ने जो कहा है, वही सर्वोत्तम मार्ग है; ऐसा जिनका अटल विश्वास है, वही सम्यक् श्रद्धावान् है।

207. मिथ्यादृष्टि [असत्य प्ररूपक]

कुप्पवयणपासंडी सव्वे उम्मग्ग पट्ठिया ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 964]
— *उत्तराध्ययन 23/63*

'कु' अर्थात् असत्य प्ररूपणा करनेवाले — कुप्रवचनवाले सभी पाखण्डी (मिथ्यात्वी) उन्मार्ग में स्थित हैं।

208. धर्म उत्तम शरण

जरा मरण वेगेणं बुड्ढमाणाण पाणिणं ।
धम्मो दीवो पइट्ठाय, गई सरणमुत्तमं ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 965]
— *उत्तराध्ययन 23/68*

— *उत्तराध्ययन 1/31 एवं दशवैकालिक 5/2/4*

जिस काल में जो कार्य करने का हो, उस काल-समय में वही कार्य करना चाहिए अथवा समय पर समय का उपयोग (समयोचित कर्तव्य) करना चाहिए ।

217. साध्वाचार

कालेण निक्खमे भिक्खू कालेण य पडिक्कमे ।
अकालं च विवज्जेत्ता कालेकालं समायरे ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 970]
एवं [भागं 6 पृ. 1165]

— *उत्तराध्ययन 1/31*

श्रमण भोजन बनने के समय बाहर जाए एवं समय से वापस आ जाए । बेसमय का त्याग करके सारा काम यथासमय करे ।

218. अलाभ परिषह

अलाभोत्ति न सोएज्जा, तवोत्ति अहियासए ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 971]

— *दशवैकालिक 5/2/6*

भिक्षु को यदि कभी मर्यादानुकूल शुद्ध भिक्षा न मिले, तो खेद न करे, अपितु यह मानकर अलाभ परिषह को सहन करे कि अच्छा हुआ; आज सहज ही तप का अवसर मिल गया ।

219. पुरुषार्थ-प्रेरणा

कुज्जा पुरिसकारियं ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 971]

— *दशवैकालिक 5/2/6*

पुरुषार्थ करो ।

220. समयानुकूल आहार

मोक्खपसाहण हेऊ, णाणाति तप्पसाहणो देही ।
देहट्ठा आहारो, तेण तु कालो अणुणातो ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 973]

— *निशीथ भाष्य 4159*

— *बृहदावश्यक भाष्य 5281*

ज्ञानादि मोक्ष के साधन हैं और ज्ञान आदि का साधन देह है, देह का साधन आहार है। अत: साधक को समयानुकूल आहार की आज्ञा दी गई है।

221. निष्पक्ष भिक्षाचरी

समुदाणं चरे भिक्खू, कुलमुच्चावयं सया ।
नीयं कुलमइक्कम्मं, ऊसढं नाभिधारए ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 980]

— *दशवैकालिक 5/2/25*

साधु सदा धनवान् और गरीब घरों की (समुदान) भिक्षा करें। वह निर्धन कुल का घर समझ कर, उसे लाँघकर धनवान् के घर न जाए।

222. पंडित—अखिन्न

न विसीएज्ज पंडिए ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 981]

— *दशवैकालिक 5/2/26*

पण्डित जन किसी भी स्थिति में विषाद न करें।

223. आत्मविद् साधक

अदीणो वित्ति मेसेज्जा ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 981]

— *दशवैकालिक 5/2/26*

आत्मविद् साधक अदीन भाव से जीवन-यात्रा करता रहे। किसी भी स्थिति में मन में खिन्नता न आने दे।

224. अदाता पर अकुपित

अदेंतस्स न कुप्पेज्जा ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 981]

— *दशवैकालिक 5/2/28*

यदि दाता न दे, तथापि उस पर कुपित न हो।

225. भिक्षाचरी में न दैन्य न कोप

बहुं परघरे अत्थि, विविहं खाइम साइमं ।
न तत्थ पंडिओ कुप्पे, इच्छा देज्ज परो न वा ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 981]
— *दशवैकालिक 5/2/27*

गृहस्थ के घर में अनेक प्रकार के बहुत से खाद्य-स्वाद्य पदार्थ होते हैं। यदि गृहस्थ मुनि को न दें तो भी वह बुद्धिमान् साधु उस पर कोप न करे किन्तु ऐसा विचार करे कि वह गृहस्थ है, दे या न दे! यह उसकी इच्छा पर निर्भर है।

226. भिक्षाचरी संहिता

न चरेज्जवासे वासंते, महियाए पडंतिए ।
महावाए व वायंते, तिरिच्छ संपाइमेसु वा ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 982]
— *दशवैकालिक 5/1/8*

बारिस हो रही हो, कुहरा छा रहा हो, आँधी चल रही हो और मार्ग में जीव-जन्तु उड़ रहे हों; ऐसी स्थिति में साधु भिक्षा के लिए अपने स्थान से बाहर न निकले।

227. कलह से दूर

कलहं जुद्धं, दूरओ परिवज्जए ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 982]
— *दशवैकालिक 5/1/12*

जहाँ कलह हो रहा हो, युद्ध मच रहा हो, वहाँ साधु-पुरुष को नहीं जाना चाहिए बल्कि दूर से ही उसे छोड़ देना चाहिए।

228. ब्रह्मचारी-गमनागमन निषेध

न चरेज्ज वेस सामंते ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 982]
— *दशवैकालिक 5/1/9*

ब्रह्मचारी वेश्यालयों के निकट होकर आवागमन न करे।

229. शंकास्पद त्याग

संकट्ठाणं विवज्जए।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 983]

— *दशवैकालिक 5/1/15*

शंका के स्थानों को छोड़ दो।

230. देखो, चलो !

दवदवस्स न गच्छेज्जा।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 983]

— *दशवैकालिक 5/1/14*

मार्ग में जल्दी - जल्दी ताबड़-तोबड़ नहीं चलना चाहिए।

231. चलो ! हँसते नहीं !

हंसतो नाभिगच्छेज्जा।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 983]

— *दशवैकालिक 5/1/14*

रास्ते में हँसते हुए नहीं चलना चाहिए।

232. क्लेश से दूर

संकिलेसकरं ठाणं, दूरओ परिवज्जए।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 983]

— *दशवैकालिक 5/1/16*

जिस स्थान पर क्लेश की संभावना हो, उस स्थान से दूर रहना चाहिए।

233. कठोर वचन-त्याग

नो व णं फरूसं वदेज्जा।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 986]

— *आचारांग 2/1/1/6*

साधक को चाहिए कि वह कठोर भाषा का प्रयोग नहीं करे।

234. निर्दोष ग्राह्य

पडिगाहेज्ज कप्पियं ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 989]

— *दशवैकालिक 5/1/27*

निर्दोष वस्तु ग्रहण करो !

235. अकल्प्य

अकप्पियं न गेण्हेज्जा ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 989]

— *दशवैकालिक 5/1/27*

सदोष (अकल्प्य) वस्तु ग्रहण मत करो ।

236. परिहरुं कुवच कठोर

नो य णं फरूसं वए ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 990]

— *दशवैकालिक 5/2/29*

कठोर वचन मत बोलो ।

237. अनपेक्षा

जे न वंदे न से कुप्पे वंदिओ न समुक्कसे ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 990]

— *दशवैकालिक 5/2/30*

श्रमण वन्दन-स्तुति नहीं करने पर क्रोध न करे और करने पर अहंभाव न लाए ।

238. वंदन समय याचना वर्जन

वंदमाणं न जाएज्जा ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 990]

— *दशवैकालिक 5/2/29*

कोई वन्दन कर रहा हो तो श्रमण उससे किसी प्रकार की याचना न करें ।

239. अन्तर्मन

छंदं से पडिलेहए ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 991]

— *दशवैकालिक 5/1/52*

व्यक्ति के अन्तर्मन को परखना चाहिए ।

240. त्रिधा भिक्षा

त्रिधा भिक्षाऽपि तत्राद्या, सर्वसंपत्करी मता ।
द्वितीया पौरूषघ्नी स्याद्, वृत्ति भिक्षा तथान्तिमा ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 1006]

— *हितोपदेश 2/20*

भिक्षा तीन प्रकार की होती हैं — (१) सर्वसंपत्करीभिक्षा-साधु को निर्दोष वस्तु देना । (२) पौरुषघ्नी भिक्षा — साधु को सदोष वस्तु देना और (३) वृत्ति भिक्षा — अन्धे, बहरे आदि को कुछ देना ।

241. दुर्लभ अंग

चत्तारि परमंगाणि, दुल्लहाणिह जंतुणो ।
माणुसत्तं सुई सद्धा, संजमम्मि य वीरियं ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 1051-1052]

— *उत्तराध्ययन 3/1*

इस संसार में प्राणियों के लिए चार परम अंग (उत्तम संयोग) अत्यन्त दुर्लभ हैं — १. मनुष्यत्व २. धर्म-श्रवण ३. सम्यक् श्रद्धा और ४. संयम में पुरुषार्थ ।

242. कर्मवाद

समावन्नाण संसारे, नाणा गोत्तासु जाइसु ।
कम्मा नाणा विहाकट्टु, पुढो विस्संभिया पया ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 1051]

— *उत्तराध्ययन 3/2*

संसारी जीव विविध प्रकार के कर्मों का अर्जन कर विविध नाम एवं गोत्र वाली जातियों में तथा संसार में भिन्न भिन्न स्वरूप का स्पर्श कर सब जगह उत्पन्न हो जाता है।

243. मनुष्य भव-प्राप्ति

जीवा सोहिमणुप्पत्ता, आययंति मणुस्सयं ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 1052]

— *उत्तराध्ययन 3/7*

कर्मक्षय रूप शुद्धि को प्राप्त हुए जीव मनुष्य-जन्म प्राप्त करते हैं।

244. कर्म-योनि

एगया खत्तिओ होइ, तओ चंडाल बोक्कसो ।
तओ कीड पयं गोय, तओ कुंथूपिवीलिया ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 1052]

— *उत्तराध्ययन 3/4*

यह जीव कभी क्षत्रिय, कभी चांडाल, कभी वर्णसंकर जाति का होता है। तत्पश्चात् कभी पतंग, कभी कीट, किसी समय कुंथु और कभी चींटी भी बनता है।

245. कृतकर्मभोग

एगयादेव लोगेसु, नरएसुवि एगया ।
एगया आसुरं कायं, आहा कम्मेहिं गच्छई ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 1052]

— *उत्तराध्ययन 3/3*

यह जीवन अपने कृत कर्मों के अनुसार कभी देवलोक में, कभी नरक में तो कभी असुरों के निकाय में उत्पन्न होता है।

246. कर्मवेदना

कम्मसंगेहिं संमूढ, दुक्खिया बहुवेयणा ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 1052]

— *उत्तराध्ययन 3/6*

जीव कर्मों के संग से मूढ़ बनकर अत्यन्त वेदना तथा दुःख पाते हैं।

247. दुर्लभ श्रद्धा

सद्धा परम दुल्लहा ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 1053]

— *उत्तराध्ययन 3/9*

धर्म में श्रद्धा होना परम दुर्लभ है ।

248. मोक्ष

निव्वाणं परमं जाइ, घयसित्ते वपावए ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 1053]

— *उत्तराध्ययन 3/12*

घृत से अभिसिंचित अग्नि जिसप्रकार पूर्ण प्रकाश को पाती है, उसीप्रकार सरल एवं शुद्ध हृदय साधक ही पूर्ण निर्वाण-मोक्ष को पाता है ।

249. धर्माचरण-दुर्लभ

वीरियं पुण दुल्लहं ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 1053]

— *उत्तराध्ययन 3/10*

धर्म का आचरण करना और भी दुर्लभ है ।

250. संयम में पुरूषार्थ कठिन

सुइं च लद्धुं सद्धं च, वीरियं पुण दुल्लहं ।
बहवे रोयमाणावि, नो यणं पडिवज्जई ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 1053]

— *उत्तराध्ययन 3/10*

धर्म श्रवण और श्रद्धा प्राप्त होने पर भी संयम मार्ग में पुरुषार्थ प्राप्त करना अत्यन्त कठिन है । बहुत से लोग श्रद्धा सम्पन्न होते हुए भी संयम मार्ग में प्रवृत्त नहीं होते ।

251. श्रद्धा-परिभ्रष्ट

सोच्चा णेयाउयं मग्गं बहवे परिभस्सई ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 1053]

— *उत्तराध्ययन 3/9*

बहुत से लोग न्याय युक्त कल्याणमार्ग की बात सुनकर भी श्रद्धा से परिभ्रष्ट हो जाते हैं।

252. धर्मश्रवण अति दुर्लभ

माणुस्सं विग्गहं लद्धुं, सुई धम्मस्स दुल्लहा ।
जं सोच्चा पडिवज्जंति, तवं खंतिमहिंसयं ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 1053]
— *उत्तराध्ययन 3/8*

मानव देह पाकर भी सद्धर्म का श्रवण अति-दुर्लभ है, जिसे सुनकर मनुष्य तप, क्षमा और अहिंसा को स्वीकार करते हैं।

253. दुर्लभ क्या ?

सुई धम्मस्स दुल्लहा ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 1053]
— *उत्तराध्ययन 3/8*

धर्म श्रवण बहुत दुर्लभ है।

254. यश — संचय

जसं संचिण खंतिए ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 1054]
— *उत्तराध्ययन 3/13*

क्षमा से यश का संचय करो।

255. कर्म-हेतु

विगिंच कम्मणो हेउं ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 1054]
— *उत्तराध्ययन 3/13*

कर्म के हेतु को छोड़।

256. जिन एवं अरिहंत

जिय कोह माण माया, जिय लोहा तेण ते जिणा हुंति
अरिणो हंता रयं हंता, अरिहंता तेण वुच्चंति ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 1057]

— ***आवश्यक निर्युक्ति 2/1089***

क्रोध, मान, माया और लोभ पर विजय पा लेने के कारण 'जिन' कहलाते हैं। कर्म रूपी शत्रुओं का तथा कर्म रूपी रज का हनन करने के कारण 'अरिहंत' कहे जाते हैं।

257. परमात्मा से याचना

आरूग्ग बोहिलाभं समाहिलाभं
समाहिवरमुत्तमं च मे दितुं ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 1058]

— ***आवश्यक निर्युक्ति 2/1107***

मुझे आरोग्य, सम्यक्त्व तथा समाधि को प्रदान करो।

258. रूप-आसक्ति

चक्खिदिय दुद्दंत – त्तणस्सं अह एत्तिओ भवति दोसो ।
जं जलणम्मि जलंते, पडति पयंगो अबुद्धिओ ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 3 पृ. 1106]

— ***ज्ञाताधर्मकथा 1/17/36***

चक्षुरिन्द्रिय की आसक्ति का इतना बुरा परिणाम होता है कि मूर्ख पतंगा जलती हुई आग में गिरकर मर जाता है।

259. मोक्ष का मूल

